फ़क़ीहे इस्लाम, जानशेने मुफ़्ती आज़म हिन्द ताजुश्शरीया
हज़रत अल्लामा अल्हाज अल्शाह
मुफ़्ती मोहम्मद अख़्तर रज़ा खां कादरी
अज़हरी के हालाते ज़िंदगी पर मुशतमिल

ला जवाब किताब

हयाते ताजुश्शरीया

जदीद इज़ाफ़ा

मुसन्नीफ़

मौलाना मोहम्मद शहाबुद्दीन रज़वी

प्रकाशक

इस्लामिक रिसर्च सेन्टर
58,कसगिरान, सौदागिरान, बरेली शरीफ़ यू०पी०

तक़सीमकार: **ग़रीब नवाज़ अकेडमी**, आनंद विहार, देहली रोड, बरेली शरीफ़
Mobile:. 9927506409, 9837207863, 9868436228

WWW.MUFTIAKHTARRAZAKHAN.COM

وارثِ علوم اعلیٰ حضرت رحمۃ اللہ علیہ

نبیرۂ حجۃ الاسلام رحمۃ اللہ علیہ جانشین مفتی اعظم ہند رحمۃ اللہ علیہ

جگر گوشہ مفسر اعظم رحمۃ اللہ علیہ شیخ الاسلام والمسلمین قاضی القضاۃ تاج الشریعہ

مفتی محمد اختر رضا خان قادری ازہری رحمۃ اللہ علیہ

اور خانوادۂ اعلیٰ حضرت کے دیگر علمائے کرام

کی تصنیفات اور حیات و خدمات کے مطالعہ

کے لئے وزٹ کریں

www.muftiakhtarrazakhan.com

/muftiakhtarrazakhan
/muftiakhtarrazakhan1011
/muftiakhtarraza
+92 334 3247192

تاج الشریعہ فاؤنڈیشن

www.muftiakhtarrazakhan.com

हालाते ज़िन्दगी जानशीन–ए–हुज़ूर मुफ़्ती आज़म
ताजुश्शरीआ हज़रत अल्लामा
मुफ़्ती अख़तर रज़ा ख़ाँ अज़हरी
दामत बरकातोहुमुलआलिया

हायात ताजुश्शरीआ

मुसन्निफ़
मौलाना मुहम्मद शहाबुद्दीन रज़वी

नाशिर
इस्लामिक रिसर्च सेन्टर
58–कसगरान,सौदागरान बरेली शरीफ़

जुमला हुकूक़ बहक़्क़े नाशिर महफ़ूज़ हैं

नाम किताब : हयात ताजुशरीआ(आल्लाम अख़तर रज़ा ख़ाँ अज़हरी)

मुसन्निफ़ : मौलाना मुहम्मद शहाबुद्दी रज़वी

तर्जमा व कोम्पोज़िंग : मौलाना मुहम्मद शफ़ीकुल हक़ रज़वी

मुबाइल न.9997662550

तहरीक : मौलाना आलहाज मुहम्मद सईद नूरी,रज़ा एकेडमी मुम्बई

बएहतिमाम : हाफ़िज़ गुलाम मुहयुद्दीन रज़वी हश्मती

साले इशआत : अव्वल फ़रवरी 2008 / सफ़्फ़रुलमुज़फ़्फ़र 1429हिजरी

इशाअत दौम: दिसम्बर 2013 सफ़्फ़रुलमुज़फ़्फ़र 1434 हिजरी

नाशिर: अ़ब्दुल हफ़ीज़ नूरी,हाफ़िज़ आमिर रज़ा क़ादरी

सफ़हात 232

कीमत : 130 / रुपये

मिलने का पता

इस्लामिक रिसर्च सेन्टर

58–कसगरान,सौदारिन बरेली शरीफ़ यूपी

E-mail:mrazvi.razvi@gmail.com

www alahazratbooks.com

Mob:09897385339,08923721109

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

हर्फ़ आग़ाज़

काम वह ले लीजये तुम को जो राज़ी करे
ठीक हो नामे रज़ा तुम पे करोड़ो दुरूद

राकिमुस्सुतूर को पीरे तरीक़त मुरशिदे बर हक़ आरिफ़ बिल्लाहि ताजुश्शरीआ फ़क़ीह–ए–इस्लाम जानशीन–ए–हुज़ूर मुफ़्ती–ए–आज़म क़ाज़ियुक़ुज़्ज़ात फ़िलहिन्द नबीरा–ए–आला हज़रत अल्लामा मौलाना अलहाज अश्शाह मुफ़्ती क़ारी मुहम्मद इस्माईल रज़ा उर्फ़ मुहम्मद अख़रत रज़ा ख़ाँ क़ादरी अज़हरी दामत बरकातोहुमुल आलिया की सब से पहले ज़ियारत का शर्फ़ उर्स रज़वी 25/सफ़रुलमुज़फ़्फ़र 1402 हिजरी 1981 ई. के मौक़ा पर हासिल हुआ। मैं अम्मे मोहतरम मौलाना हाफ़िज़ बशारत अली रज़वी इमाम व ख़तीब जामेअ मस्जिद चन्दरपुर के हमराह बरेली शरीफ़ हाज़िर हुआ था। उसी मौक़े पर मुझे हज़रत से बैत व इरादत का शर्फ़ भी हासिल हो गया। हज़रत ने शजरा मुबारका पर अपने दस्ते मुक़द्दस से तीन जगह नाम तहरीर फ़रमा कर अता फ़रमाया था।

हज़रत क़िबला की शख़्सियत कोई मोहताजे तआरुफ़ व बयान नहीं, अल्लाह तआला ने आप की ज़ाते बा बरकत को बैनलअक़वामी सतह पर मरज–ए–ख़लाइक़ बना दिया है, तिशनिगाने उलूम व मअरफ़त आप से आ कर इक्तिसाबे फ़ैज़ हासिल करते हैं। आप की ज़ाते गिरामी उन नुफ़ूसे

कुद्सिया में से है जिन की इलमी शौकत व जलालत, अज़मत व बुज़ुर्गी,तक़वा व तहारत,मुसल्मिस्सुबूत के दर्जा पर फ़ाइज़ है। आप के फ़ज़ाइल व कमालात,उलूम व फ़ुनून, ख़िदमात व कारनामे और ज़ोहद व तक़वा का डंका शश जिहालते आलम में बज रहा है।

अलहम्दु लिल्लाह मेरी ज़िन्दगी के इन्तिहाई मुबारक व मसऊद अय्याम हैं कि उस हक़ीर को अपने मुरशिदे गिरामी की मुईत में सफ़र व हज़र और शब व रोज़ रहना नसीब हुआ है। और बहुत करीब से आप के मामूलात व मशग़ूलात देखने और इरशादात सुनने का मौक़ा हर रोज़ मिलता है। बिला शुबह आप की पूरी ज़िन्दगी शरीअत व तरीकत और सुन्नत नबविया(सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) के सांचे में ढली हुई है। मैंने अपनी 35/साला ज़िन्दगी में जिन अस्लाफ़ की ज़ियारत की,और उनके साथ कुछ लमहात गुज़ारने का मौक़ा मिला,और जिन की विलायत व बुज़ुर्गी,तक़वा व परहेज़गारी की क़स्म खाई जा सकती है। इस मुबारक जमाअत औलिया,उलमा व मशाइख के सरख़ील व सरदार ताजुश्शरीआ अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद अख़तर रज़ा क़ादरी अज़हरी बरेलवी हैं। मैंने हज़रत से सूरए फ़ातिहा की तफ़सीर,अलक़यूबी,अलअशबाह वन्नज़ाइर, दलाइलुलख़ैरात शरीफ़,क़सीदा बुर्दा शरीफ़,और बुख़ारी शरीफ़ वग़ैरा कुतुब भी पढ़ी हैं। मेरे लिए क़ाबिले फ़ख्र की बात यह है कि मेरे साथ हज़रत क़िब्ला और हुज़ूर पीरानी अम्मा साहिबा की बेकराँ शफ़क़त व मोहब्बत और उलफ़त

व मुरव्वत रहती है। हज़रत के साहबज़ादे गिरामी मेरे हमदर्स रफ़ीक़ और पीर ज़ादे हज़रत मौलाना अस्जद रज़ा ख़ाँ क़ादरी और आप की शरीके हयात मोहतर्मा राशिदा नूरी साहिबा(भाबी जान साहिबा)की सरपरस्ती व दुआयें हमा वक़्त मुझे हासिल हैं। जो कुछ भी मैं दीन–ए–इस्लाम की ख़िदमत अन्जाम दे रहा हूँ यह सब इन हज़रात बाबरकात की दुआये सहरगाही और सरपरस्ती का नतीजा है। अल्लाह तआला इस ख़ानवादे को हज़ारों हज़ार साल सलामत रखे,और मुआनिदीन व हासिदीन से महफ़ूज़ व मामून रखे (अमीन) जिन्होंने आज के तरक़्क़ी याफ़ता दौर में ख़ुर्दनवाज़ी की एक बेहतरीन मिसाल क़ाइम की है।

राक़िमुस्सुतूर ने 1989 ई. में हज़रत क़िबला से वक़्तन फ़ौक़तन हालात दरयाफ़्त किए थे,वह इस वक़्त तरतीब दे कर अपनी किताब "मुफ़्ती–ए–आज़म और उन के ख़ुलफ़" जिल्द अव्वल"(मतबूआ रज़ा एकेडली मुम्बई 1990ई.)में शामिल कर दिए थे। मगर चन्द सालों से अकसर यह दिल में उमंग उठती थी कि हज़रत के तफ़सीली हालात मुरत्तब करूँ,मगर क़ौमी व मिल्ली मसरूफ़ियात और ज़िम्मादारियाँ की वजह से वक़्त नहीं निकाल पाता था। अल्लाह भला करे आली जनाब अल हाज अब्दुर्रहमान ताबानी व जनाब अब्दुल्लतीफ़ रज़वी (ओहदेदारान आलइन्डिया जमाअत–ए–रज़ा–ए मुस्तफ़ा शाख़ मालीगाँ ज़िला नासिक)का,उन्होंने फ़ौन पर फ़ौन कर

के मुझे लिखने पर मजबूर कर दिया। अलहम्दु लिल्लाह यह ज़ेरे नज़र किताब सिर्फ़ एक हफ़्ता की मेहनत में तैयार हो कर आप के हाथों में है। अब कारनामे,और खुलफ़ा व तलामिज़ा पर मब्सूत अन्दाज़ में लिखूगा। क़ारेईन से दुंआ की दरख़्वास्त है।

आख़िर में उस्ताज़ गिरामी मुहक्कि अस्र हज़रत अल्लामा मुफ़्ती सय्यद शाहिद अली रजवी मद्दजुल्लाहुल आली(क़ाज़ि–ए–शरअ व मुफ़्ती शहर रामपुर)का ममनून हूँ कि आप ने नज़रे सानी के साथ बहुत जगह इस्लाह फ़रमाकर हौसला अफ़ज़ाई फ़रमाई। हमदर्द क़ौम व मिल्लत हज़रत मौलाना अलहाज मुहम्मद सईद नूरी का भी मशकूर हूँ और मौलाना अमीनुलक़ादरी कि उन्होंने तस्हीह की ज़िम्मेदारी बख़ुबी निभाई। अल्लाह तआला सभी को ख़िदमते दीन–ए–इस्लाम और मसलक अहले सुन्नत की मज़ीद तौफ़ीक़ अता फ़रमाये और बारगाहे मुरशिद में यह हक़ीर सा नज़राना अक़ीदत व मोहब्बत क़बूलियत से सरफ़राज़ हो जाये। (आमीन)

सगे आस्ताना–ए–रज़विया

मुहम्मद शहाबुद्दीन रज़वी

(14 / शअबानुल मुअज़्ज़म 1428 हिजरी / 28अगस्त2007ई.

डाइरेक्टर इस्लामिक रीसर्च सेन्टर

कौमी जन्रल सिक्रेट्री

अलइन्डिया जमाअत–ए–रज़ा–ए–मुस्तफ़ा

तक़दीम

अज़ः मुहक़्क़िक़ अस्र हज़रत अ़ल्लामा मुफ़्ती सय्यद शाहिद अ़ली हसनी रज़वी मुहद्दिस रामुपरी

मर्कज़ी इल्म व इरफ़ान बरेली शरीफ़ और ख़ानवाद–ए–रज़विया तैरहवी सदी हिजरी में मुजाहिद जंग आज़ादी इमामुलउलमा मुफ़्ती मुहम्मद रज़ा अ़ली ख़ाँ नक्शबन्दी बरेलवी (1286 हिजरी)उनके फ़रज़न्द सईद इमामुल मुतकल्लिमीन मुफ़्ती मुहम्मद नक़ी अ़ली ख़ाँ क़ादरी बरेलवी(1297हिजरी)चौदहवी सदी हिजरी में इमामुलउ़लमा के पोते और इमामुलमुतकल्लिमीन के नूरे नज़र लख़्ते जिगर, फ़रज़न्द सईद,इस्लाम के बतले जलील,हुज्जतुल अस्र, फ़रीदुदहर,यगाना–ए–अस्र,आ़शिक़े रसूल,चौदहवी सदी हिजरी के मुज़द्दिदे आ़ज़म, आ़ला हज़रत,इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ क़ादरी बरेलवी कुद्दुस सिर्रुहुम(1921ई/1340)की इल्मी,दीनी,इशकी और फ़िक्री अ़बक़रियत,तजदीदी कारनामों और लाज़वाल ख़िदमत मकबूला के सबब पूरे आ़लम–ए–इस्लाम में मशहूर व मअ़रूफ़ है। ग़ैर मुन्कसिम हिन्दुस्तान में अपनी इल्मी व रुहानी ख़िदमत,दीनी क़ियादत और मुत़ावातिर फ़िक्री वरासत की हिफ़ाज़त और तब्लीग़ी व इशाअ़ती लिहाज़ से देहली के मशहूर ख़ान्दान वलियुल्लाह से भी ज़्यादा नुमायाँ और महबूब व मक़बूल ख़ानवादा है। इन दोनों ख़ानवादों की ख़िदमत जलीला बर्रे सग़ीर की इस्लामी तारीख़ का निहायत अहम लाइक़ क़द्र व मन्ज़िलत

और शान्दार व ताबनाक हिस्सा हैं। दोनों ख़ान्दानों ने बर्रे सग़ीर ही नहीं बल्कि पूरी इस्लामी दुनिया के मुसलमानों और अहले ईमान को मुतास्सिर किया है। दोनों ख़ान्दानों में कई नसलों और पुश्तों पर मुहीत इल्मी व दीनी ख़िदमात का एक ऐसा तसलसुल मौजूद है जो दूसरे ख़ानवादों में बहुत कम पाया जाता है।

ख़ान्दाने वलियुल्लाह जिस के ख़ियालात व नज़रियात को "फ़िक्र वलियुल्लाही" के नाम से याद किया जाता है। यह ख़ान्दान इमाम आज़म अबूहनीफ़ा का मुक़ल्लिद था,तसव्वुफ़ का इल्मबरदार था,अस्लाफ़े किराम की इक़दार व रिवायात का वारिस व अमीन था। इस ख़ान्दान के साहबज़ादगान,नबीरगान उनके सच्चे वारिस थे जो सब के सब सवादे आज़म अहले सुन्नत के अकाबिर उलमा व मशाइख़ और सुफ़िया किराम की उसी रोश पुर क़ाइम व दाइम रहे जो उन्हें बतौर वरासत मिली थी। सिवा–ए–मौलवी इस्माईल देहलवी के कि यह ख़ान्दान वलियुल्लाह का बदनाम ज़माना एक फ़र्द था। हज़रत शाह वलियुल्लाह मुहद्दिस देहलवी(1172हिजरी 1762 ई)के नाफ़रमान व नालाइक पोते शाह मुहम्मद इस्माईल देहलवी(1246हिजरी 1831ई)फ़िक्री व ऐअतिक़ादी या जमहूरे उम्मत के मुतवारिसात व राइज इस्लामी अक़ाइद से मुतासादिम बहुत से अफ़कार व ख़ियालात के सबब इस ख़ान्दान के इल्मी व दीनी वक़ार और मक़बूलियत को बड़ा नुक़सान पहुँचा और इस नंगे ख़ान्दान शख़्स ने अपने ही

बुजुर्गों से खुली बगावत कर दी,जिस से इस खान्दान की इज्जत व अजमत दागदार हो गई। फिर इस्माईल देहलवी के मानने वालों ने यह सितम भी किया कि हजरत शाह वलियुल्लाह मुहद्दिस देहलवी उन के साहबजादगान और नबीरगान की तसानीफ व तालीफात में तहरीफ कर के उन के असल अकाइद व नजरियात और मामूलात को मस्ख कर दिया। और अपने नये नजरियात के मुताबिक बनाने की कोशिश की और"फिक्रे वलियुल्लाह" को"फिक्र इब्ने तैमीया" से जोड़ दिया फिर उस खान्दान में कोई एसा नुमाया आलिमे दीन भी पैदा न हुआ जो तहरीफात को असल अकाइद व नजरियात और मामूलात से अलग कर के"फिक्र वलियुल्लाह" को मुमताज और ताबनाक करता और असल"फिक्र वलियुल्लाह"को आगे बढाता। लिहाजा रोज बरोज खान्दाने वलियुल्लाह की मकबूलियत और इन्फिरादियत गहनाती चली गई। और उस ने एक अलाहीदा रुख तै कर लिया।

जब्कि खानवादा-ए-रजविया में इमामुलउलमा के विसाल के बाद उन के फर्जन्द गिरामी इमामुलमुतकल्लिमीन मौलाना नकी अली खाँ कादरी बरेलवी और मौलाना हादी अली खाँ कादरी बरेलवी और उन के पोते आला हजरत इमाम अहमद रजा फाजिले बरलवी कुद्दुस सिर्रुहु,दूसरे पोते उस्ताजे जमन अल्लामा हसन रजा खाँ कादरी बरेलवी और तीसरे पोते माहिर इल्म मीरास अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद रजा खाँ कादरी बरेलवी अलैहिमुर्रिजवान ने इस सिलसिला

को क़ाइम रखा और उस मे आला हजरत फाजिले बरेलवी ने मजीद बुस्अत अता कर के शोहरा–ए–आफाक और आलमगीर बनाया। आला हजरत के विसाल क बाद भी यह सिलसिला तसलसुल के साथ,बिला इन्किताअ नुमाया इल्मी व दीनी शख्सियात का एक ऐसा अ टूट जरी सिलसिला ह जो ता हाल मसाअ तर रवाज है। उन शख्सियात मे (1) हुज्जतुल इस्लाम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद हामिद रजा खाँ कादरी बरेलवी(शाहजादा–ए–अकबर आला हजरत,1362 हिजरी 1943 ई)।(2) मुफ्ती आजम मौलाना मुहम्मद मुस्तफा रजा खाँ कादरी बरेलवी(शहजादा–ए–असगर आला हजरत 1402 हिजरी 1981 ई)(3)मुफस्सिरे आजम अल्लामा इब्राहीम रजा कादरी खाँ कादरी बरेलवी(पोते आला हजरत1385 हिजरी1965ई) (4) अल्लामा हम्माद रजा खाँ रजवी बरेलवी(पर पोता आला हजरत म.1375 हिजरी 1965 ई.) (5)रैहाने मिल्लत अल्लामा मुहम्मद रैहान रजा खाँ कादरी बरेलवी(पर पोता आला हजरत म 1405 हिजरी 1985 ई.) (6)ताजुश्शरीआ,फकीहे इस्लाम अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद इस्माईल रजा खाँ अलमअरूफ ब मुफ्ती मुहम्मद अख्तर रजा खाँ कादरी बरेलवी अजहरी मद्दजुल्लाहुल आली(7) उस्ताजुल उलमा अल्लामा हसनैन रजा खाँ कादरी बरेलवी(दामाद व भतीज आला हजरत,1401हिजरी1981ई.) (8) अमीन शरीअत अल्लामा सिबतैन रजा खाँ कादरी बरेलवी(पर पोते उस्ताजे जमन मद्द जुल्लाहुलआली) (9)सदरुल उलमा मुफ्ती मुहम्मद जहसीन रजा खाँ कादरी

बरेलवी(उस्ताज ज़मन के पोते म 1428 हिजरी 2007 ई.) (10)अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद तक़द्दुस अली ख़ाँ क़ादरी बरेलवी इब्ने मौलाना सरदार वली ख़ाँ इब्ने मौलाना हादी अली ख़ाँ इब्ने मौलाना रजा अली ख़ाँ नक्शबन्दी बरेलवी(पर पोते इमामुलउलमाम 1408 हिजरी1988 ई.)(11)मुफ़्ती ऐजाज़ वली ख़ाँ रजवी बरेलवी इब्न मौलाना सरदार वली ख़ाँ(पर पोते इमामुलउलमा,म1393हिजरी1973ई) अलैहिमुर्रहमा वरिजवान नुमाया नज़र आते हैं।

फ़क़ीहे इस्लाम अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद इस्माईल रजा ख़ाँ मारुफ व ताजुशरीआ मुफ़्ती मुहम्मद अख़्तर रजा ख़ाँ अजहरी क़ादरी बरेलवी इब्ने मुफस्सिर आज़म अल्लामा मुहम्मद इब्राहीम रज़ा ख़ाँ(हुज्जतुल इस्लाम के पोते,आला हज़रत के पर पोते और मुफ़्ती आज़म के नवासे)दामत बरकातुहुमल कुद्सिया वलआलिया,मतउल्लाहुलमुस्लिमीन बतालबक़ा–इही–ख़ास तौर से मुमताज़ हैसियत के मालिक हैं। इल्मी व रुहानी दुनिया में मुशारुन इलाहे व मोअतमिद और मुस्तनद मरजा अलमा व फ़ुक़हा और मशाइख़ व सूफ़िया हैं। उन मजकूरा बाला उलमा व मशाइख़ किराम ने ख़ानवादा–ए–रजविया की पाकीज़ा और मुक़द्दस रिवायात, अक़ाइद व नजरियात और अफ़कार को जिन्दा व ताबन्दा रखा। दर्से रज़ा,फ़िक़्हे रजा,इशके रेज़ा फ़िक्र रज़ा और अमले रजा से क़ौम को रोशनास किया और उन सब की तब्लीग व इशाअत में नुमाया किरदार अदा किया और ख़ान्दान रजा के इल्मी व दीनी पलैट फ़ार्म से अपने अपने

आहेद में कौम व मिल्लत की भरपुर नुमाइन्दगी की और अपनी जर्री ख़िदमात से और ऐसी गैर मामूली शोहरत व मकबूलियत हासिल की जिस की नजीर आज की दुनिया में नहीं मिलती।

अस्रे हाजिर में आला हजरत के उलूम व फनून के सच्चे वारिस,हुज्जतुलइस्लाम और मुफ्ती-ए-आज़म के सही जानशीन,रुहानियत के ताजदार,मसन्द बरकातियत के रमजसनास,रजवियत के अमीन,ताजुश्शरीआ,फकीहे इस्लाम, काजिउलकुज्जात फिल हिन्द अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद अख़्तर रजा ख़ाँ कादरी अजहरी दामतबरकातुहुमुल कुदसिया हैं जो अहले सुन्नत व जमाअत की आलमी सतह पर इल्मी व दीनी,ऐअतिकादी व फिक्री कियादत व रहबरी फरमा रहे हैं। जिन के आफताबे शोहरत व इकबाल की किरनें सारे आलम का रोशन व मुनव्वर कर रही हैं। खान्दाने रजा के यह तमाम मुतकद्दिमीन व मुताअख्खिरीन उलमा व मशाइख तीन औसाफ में इम्तियाजी मकाम रखते हैं। (1)इश्क रिसालत (2) तहफ्फुज व इशाअत इस्लाम व सुन्नियत(3) और फिक्ह व इफ्ता के जरीआ ख़िदमत। यह तीन ऐसे औसाफ हैं जो खान्दाने रजा के अफ्राद में कद्रे मुश्तरक की हैसियत रखते हैं।

फकीर नूरी के मुर्शिद व मुरब्बी शरीअत व तरीकत और उस्ताज गिरामी वकार हजरत ताजुश्शरीआ मद्द जुल्लाहुल आली में यह तीनों खान्दानी औसाफ बदर्जा-ए-अतम मौजूद हैं और इस वजह आप ही इस खान्दान की

इल्मी व रुहानी वरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। सन्ने ईसवी के लिहाज़ से आप अपनी उम्रे मुबारक की(72)बहत्तरवीं मन्ज़िल तै कर रहे है।

हजरत ताजुश्शरीआ मद्द जुल्लाहुलआली ने एक ऐसे इल्मी,रूहानी और मजहबी घराने में आँखें खोलीं कि जिस में कई पुश्तों से इल्म व इरफ़ान और रुशद व हिदायत का सिलसिला काइम व जारी था। उन अस्लाफ़े किराम के उलूमे नाफिआ और आमाले सालिहा का पाक वर्सा यके बाद दीगरे मुन्तकिल होता रहा जिन की हक गोई,हक शनासी,जुरअत व बेबाकी और इश्के रसूल में सरशारी व जांनिसारी,मगरूराने तख्त व ताज और बन्दगाने माल व जाह के मुकाबिले में इस्तिग़ना व बे नियाज़ी उन्हें अपने इस्लाफ़ के वर्सा में मिली थी। आप की विलादत के वक़्त पर दादा आला हजरत और जद्दे अमजद हजरत हुज्जतुलइस्लाम विसाल फरमा चुके थे। वालिद माजिद मुफस्सिरे आजम की उम्र का 36वाँ साल था जिन की दर्स व तदरीस का चढ़ता सूरज पूरे शबाब पर था। दूर-दूर से तिशनिगाने इल्म व फज्ल परवाना वार हाज़िर हो कर दर्से मुफस्सि-ए-आज़म में शरीक हो रहे थे।

नाना जान हज़रत मुफ़्ती आज़म जो अपने वक़्त के फ़र्दे फ़रीद,उलूमे नक़्लिया के ताजदार,उलूमे अक़्लिया के गव्वास,मैदाने फ़क़ाहत के शहसवार और मैदाने सियासत के इल्मबरदार थे,अर्ब व अजम में उनकी धूम थी,सारे जहान में उन का चर्चा था,इल्म व फज़ल का आफताब रौशन था,यह

इल्म व इरफ़ान के बहर नापैदा किनारे थे, जिन की न जाने कितनी मौजें थीं,वह एक कारखाना थे,जहाँ पुर्जे नहीं ढलते,शख़्सियत साज़ी होती थी,उस रौशन और शख़्सियत साज़ माहौल मे हज़रत ताजुशशरीआ का अहद तिफ़्ली शुरू हुआ। हज़रत ताजुशशरीआ को पांचे मजाज़ मुर्शदुर्रसादात अहसनुलकुलमा हज़रत अल्लामा शाह हैदर हुसैन कादरी बरकाती नूरी(1995 ई)का ईकान और नामूर नाना जान हज़रत मुफ़्ती आज़म का शाहरा आफ़ाक ईमान मयस्सर आया। होश की आँखें खुली तो हर तरफ़ क़ुरआन व सुन्नत की हुकमरानी नज़र आई। फ़िक्ह हनफ़ी का सिक्का चलते देखा,दीन मतीन और अज़मते रसूल की हिमायत,अल्लाह और उसके रसूल के दुश्मनों की अदावत में अपने नाना जान और वालिद माजिद को यकता-ए-रोज़गार पाया।

हज़रत ताजुश्शरीआ ने अपने वालिदैन,दारुलउलूम मन्ज़र-ए-इस्लाम और जामिआ तुलअज़हर काहिरा मिस्र में मुख़्तलिफ़ असातिज़ा किराम से तालीम व तरबियत पाई और सन्द व दस्तार से सर फ़राज़ हुए। जामिआ अज़हर में तुस्ल इल्म के दौरान ही वालिद माजिद हज़रत मुफ़स्सिरे आज़म का विसाल हो चुका था,तीन साल के बाद जामिआ अज़हर मिस्र से वापस हुई। बरेली शरीफ़ में हज़रत मुफ़्ती आज़म की सर परस्ती में तारीख़ी इस्तिक़बाल हुआ। वापसी के बाद 1967 ई में अपने मादर इल्मी,यादगार रज़ा,मरकज़ इल्म व इरफ़ान,जामिआ रज़विया,"मन्ज़र-ए-इस्लाम" में दर्स व तदरीस का सिलसिला शुरू फ़रमाया। आज दर्स व

तदरीस का तअल्लुक़ उन के जिस्म से नहीं बल्कि उन की रूह से है.दर्स तदरीस उन की रूहानी गिज़ा है। ग्यारह साल बाद आप के बरादरे अकबर हजरत रैहाने मिल्लत ने दारुलउलूम 'मन्जर–ए–इस्लाम''के सदरुलमुदर्रिसीन की जिम्मददारी आप के काधों पर डाल दी। आप ने इस मन्सब की जिम्मेदारियों को हुस्न व खुबी के साथ निभाते हुये तालीमी व तन्जीमी एतिबार से दारुलउलूम की शोहरत और कबूलियत का पाया बहुत बलन्द फरमा दिया। मसरुफ़ियतों का दाइरा वसीअ तर होता चला गया तो बाजाब्ता दर्स व तदरीस का सिलसिला मुम्किन नहीं रह सका। तब आप ने अपने दौलते कदा पर मखसूस औकात में दर्स कुरआन व हदीस की महफिल सजादी। यहाँ दर्स व तदरीस की इफादियत इतनी बडी और मक़बूल व मअरुफ़ व मशहूर हुई कि इस हल्का–ए–दर्स मे शर्फ़ तिलमिज पाने और ज़ानवे तिलमिज तह करने के लिए तीन तीन जामिआत मन्जर इस्लाम,मज़हरे इस्लाम और जामिआ नूरिया के तलबा की बडी तादाद जमा हो गई। ख़त्मे बुख़ारी शरीफ़ तदरीस की ऊँची मन्ज़िल है। आप ने यह काम भी बहुत हुस्न व खुबी से अन्जाम दिया। इफ़ितताह बुख़ारी फिर ख़त्मे बुख़ारी शरीफ़ का सिलसिला अहले सुन्नत के मदारिस में शुरू हुआ तो बढता ही चला गया। मर्कजी दर्सगाह अहले सुन्नत अलजामिअतुलइस्लामिया गंज क़दीम रामपुर में सर परस्त आला की हैसियत से 33 साल के अर्से में मुतअद्दिद बार फ़क़ीर नूरी और इन्तिजामिया की दअवत,असातिज़ा व

तलबा की ख्वाहिश पर जलवा बार होकर इपि तताहे बुखारी और खत्मे बुखारी की महफिलों को रौनक बख्शी,उलमा व तलबा और अवाम व खास के बीच इल्मी गोहर लुटाये और फ़ैज व करम की मुसलाधार बारिश से दिलों की सुखी खेती को हरयाली बख्शी। ऐसा लगता था कि इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम की महफिलों को जानशीन की हैसियत से संवार रहे हैं। अपने जद्दे, आला आला हजरत जद्दे अमजद हुज्जतुल इस्लाम,वालिद माजिद मुफस्सिर आजम और नाना जान मुफ्ती आजम,अपने असातिजा हजरत बहरूलउलूम वगैरहुम की तालीमी व तदरीसी यादों को ताजा कर रहे रहे हैं। जामिआ फारुकिया बनारस में "साहिब बुखारी और बुखारी" की आखरी हदीस पर ढाई घन्टा तकरीर फरमाई और दारुलउलूम "जियाउलइस्लाम "हाजडा में ख.मे बुखारी के मौके पर अल्लामा अरशदुलकादरी अल्लामा गुलाम आसी अबूलउलाई अजीजे मिल्लत मौलाना अब्दुलहफीज अजीजी और दर्जनो उलमा की मौजूदगी में आखिरी हदीस पर सैर हासिनल गुफ्तगु की। आप का तअल्लुक जिस अजीम खानवाद-ए-रजविया से है इस खान्दान का मा बिहीलइम्तियाज वसफ फतावा नवैसी है।

खान्दान का मूरोसी जंगी मिजाज उलूम दीनिया की तरफ मोडने में इमामुलउलमा मुफ्ती रजा अली खाँ नक्शबन्दी बरेलवी ने अहम किरदार अदा किया,फ़न्ने सिपाह गरी के महबूब मशगला को तर्क कर के फतवा नवैसी को इख्तियार करने का सेहरा आप ही के सर बधता

है। आप के दो फ़रज़न्द हुये, मुफ़्ती नकी अली ख़ाँ और मौलाना तकी अली ख़ाँ। मुफ़्ती नकी अली खा ने उलूमे दीनी में कलाम हासिल किया और फतावा नवैसी शुरू की,उसे भी कमाल तक पुचाँया। आप के तीन साहब ज़ादे हुऐ, आला हजरत इमाम अहमद रज़ा खाँ बरेलवी,मौलाना हसन रजा खा बरेलवी और मुफ़्ती मुहम्मद रजा ख़ाँ बरेलवी। आला हजरत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ बरेलवी ने फ़िक़ हन्फ़ी को इस्तिहकाम अता करे के साथ साथ उम्मत मुस्लिमा को इब्ने तैमिया के फैलाये हुये ज़हर से आलूद दिल व दिमाग को सवादे आज़म पर गामज़न करने के लिए अपनी पूरी ज़िन्दगी वक़्फ कर दी। बरादरे औसत मौलाना हसन रजा खाँ बरेलवी ने खिदमत दीन और मन्ज़र-ए--इस्लाम के एहतिमाम के साथ उर्दू नअ़तिया शाइरी को नई रिफअतों से आशना किया। फतवा नवैसी को मशगला-ए- रोज व शब बनाकर मुफ़्ती मुहम्मद रजा ख़ाँ बरेलवी ने फिक्ह व इफ़ता की खान्दानी खिदमत को मज़ीद बलन्दियाँ अता कीं। इमाम अहमद रजा के फ़र्ज़न्द अकबर हुज्जतुलइस्लाम मौलाना हामिद रजा खाँ बरेलवी ने फतवा नवैसी में अपना कमाल दिखाया। आला हजरत के फर्जन्द असगर ने उस कारे खैर का आगाज 1910 ई में किया जो उन के विसाल 1981 ई तक जारी रहा। नाना जान के फज्ल व कमाल के सच्चे वारिस,सच्चे जानशीन और परदादा के उलूम व फुनून के सही वारिस हजरत ताजुश्शरीआ ने इस मुबारक काम का आगाज चौदह साल

की उम्र शरीफ़ में किया आप ने इस दुशवार गुज़ार राह की मन्ज़िल को पाने की ख़ातिर आग़ाज में नाना जान हुज़ूर मुफ़्ती–ए–आज़म और मुफ़्ती सय्यद अफ़ज़ल हुसैन मुंगीरी के नुक़ूश हाय कदम की पैरवी की, यानी उन बाकमाल हस्तियों की निगाहों से अपने लिखे हुये फतवा गुजारते रहे। पहला फतवा लिखा तो मुफ़्ती अफजल हुसैन मोंगीरी को दिखाया। उन्होंने देख कर शाबाशी दी, तहसीन की और हौसला बढ़ाने के लिए कहा नाना जान की अमीक निगाहों तक उसकी रसाई होनी चाहिए। नाना जान ने देखा तो फ़र्ते मुसर्रत से चेरा–ए–अनवर खिल गया, दादे तहसीन से नवाजा। यह सिलसिला ज्यादा दिनों तक नहीं चला। जल्दी ही आप के नाना जान हज़रत मुफ़्ती आज़म ने यह अज़ीम जिम्मेदारी भी आप को सौंप दी। मुफ़्ती–ए–आज़म के अल्फाज में वकील मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी: "अख़तर मियाँ अब घर में बैठने का वक़्त नहीं। यह लोग जिनकी भीड़ लगी हुई है कभी सुकून से बैठने नहीं देते। अब तुम इस (फ़तवा नवैसी के)काम को अन्जाम दो मैं (दारुलइफ़्ता) तुम्हारे सुपुर्द करता हूँ मौजूदा लोगों से मुख़ातिब हो कर हज़रत मुफ़्ती–ए–आज़म ने फ़रमाया :

'अब आप अख़तर मियाँ सल्लामहु से रजूअ करें,उन्हीं को मेरा क़ाइम मकाम और जानशीन जानें।'

हज़रत ताजुश्शरीआ अपनी फतवा नवैसी के तअल्लुक़ से ख़ुद रक़म तराज़ हैं :

"मैं बचपन से ही हज़रत मुफ़्ती–ए–आज़म से

दाखिले सिलसिला हो गया हूँ जामिअ अजहर से वापसी के बाद मैंने दिल चस्पी की बिनापर फतवा का काम शुरू किया। शुरू शुरू में मुफ्ती सय्यद अफ़ज़ल हुसैन साहब अलैहिर्रहमा और दूसरे मुफ्तियाने किराम की निगरानी में यह काम करता रहा और कभी कभी हज़रत मुफ्ती-ए-आज़म की खिदमत में हाज़िर हो कर फ़तवा दिखाया करता था,कुछ दिनो के बाद इस काम में मेरी दिलचस्पी ज़्यादा बढ़ गई और फिर मैं मुस्तक़िल हज़रत की खिदमत में हाज़िर होने लगा,हज़रत की तवज्जो से मुख़्तसर मुद्दत में इस काम में वह फ़ैज हासिल हुआ जो किसी के पास मुद्दतों बैठने से भी नहीं होता। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के हवाले से हज़रत ताजुश्शरीआ के अल्फ़ाज़ मुलाहिज़ा फ़रमाये :

"मैंने दारुलउलूम मन्ज़र-ए-इस्लाम में पढ़ा और पढाया,जामेअ अजहर में भी पढ़ा,शुरू से ही मुझे मुतालअ का बहुत शौक़ था। अपनी दर्सी किताबों के एलावा शुरूह व हवाशी और ग़ैर मुतअल्लिक किताबों का रोज़ाना कसरत से मुताला करता और ख़ास ख़ास चीज़ों को डाइरी मे नोट कर लिया करता था। इसके एलावा सब से अहम बात यह है कि मुझे जो कुछ भी मिला हुज़ूर मुफ्ती-ए-आज़म क़ुद्दुस सिर्रुहु की सोहबत व इस्तिफ़ादा सालों की मेहनत व मुश्क़्क़त पर भारी पड़ते थे मैं आज हर जगह हुज़ूर मुफ्ती-ए-आज़म का इल्मी व रूहानी फ़ैज़ान पाता हूँ। आज जो मेरी हैसियत है वह उन्हें की सोहबत कीमया

असर का सदका है।

हज़रत मुफ़्ती आज़म कुददुस सिर्रुहु की हयात मुकद्दसा में यह काम चन्द मुफ़्तियाने किराम के तआउन से घर से ही करते रहे। उन के विसाल के बाद 1981 ई में इस बात की शदीद ज़रूरत महसूस की गई कि बाज़ाब्ता तौर पर दारुलइफ्ता का कियाम अमल लाया जाये लिहाज़ा उसी ज़रूरत की तक्मील की ख़ातिर मर्कज़ी दारुलइफ्ता की निशात सानिया के तौर पर कियाम अमल में लाया गया। आप की सर परस्ती में मुफ़्ती क़ाज़ी अब्दुर्रहीम बस्तवी,मुफ़्ती मुहम्मद नाजिम अली कादरी और मुफ़्ती हबीब रजा खाँ बरेलवी पर मुश्तमिल काफिला तशकील दिया गया। मुफ़्ती अब्दुलवहीद खाँ बरेलवी को नक्ले फतावा का काम सोंपना गया,मौलाना अब्दुलवहीद खाँ बरेलवी के इन्तिकाल 2005 ई तक फतावा के 80 रजिस्टर तैयार हो चुके थे। मर्कज़ी दारुलइफ्ता बरेली के यह रजिस्टर तबअ हो कर मन्ज़र आम पर आ जायें तो फिक्ह इन्फी का आलमी सरमाया होंगे। बकाज मुहद्दिसे कबीर मद्दज़ुल्ला–हुलआली :

जामेअ अज़हर के दौरे तहसील में जब आप का अरबी कलाम अज़हर के शुयूख सुनते तो कलाम की सलासत व निज़ाकत और हुस्ने तरतीब पर झूम उठते और कहते थे कि यह कलाम किसी गैर अरबी का महसूस ही नहीं होता। अल्लाह तआला ने आप को कई ज़बानों पर मलका–ए–खास अता फरमाया है। उर्दू जबान गो आप की

घरेलू ज़बान है और अरबी आप की मज़हबी ज़बान है। इन दोनों ज़बानों में आप को ख़ुसूसी मलका हासिल। जिस पर आप की उर्दू व अरबी नअतिया शाइरी शाहिद आदिल हैं। मज़ीद फ़रमाते हैं :

जंबाबोवे में एक मिस्री शैख़ ने एक बार हम्दिया अशआर सुने तो बहुत महज़ूज़ हुये और इस की नक्ल की फरमाईश भी कर डाली।

हज़रत मुहद्दिस कबीर मद्दजुल्लाहुलआली फरमाते हैं :

हज़रत अल्लामा अजहरी को मैंने इंगलैन्ड,अमरीका, अफरीका,साऊथ अफरीका,ज़म्बाबोवे वग़ैरा में बर जस्ता अंग्रेजी जबान में तक़रीर व वअ्ज़ करते देखा है और वहाँ के तालीम याफ़्ता लोगों से आप की तअ़रीफ़ें भी सुनीं। और यह भी उन से सुना कि हज़रत को अंग्रेज़ी जबान के क्लासकी उस्लूब पर उबूर हासिल है।

आप जो कुछ बोलते,लिखते हैं उस मे तकलिफात का दखल नहीं होता बल्कि आप के मजामीन या तर्जमा निगारी उमूमन बज़रिआ इमला ही जब्त कलम किए जाते हैं। इसलिए आप के इल्मी कारनामे बर जस्तगी से ही मुत्तिसफ़ होते हैं। फिर हर बात दलाइल से मुबरहन,दिक़्क़ते मुआनी से मुश्तमिल जामइयत से लबरेज होती है। हज़रत ताजुश्शरीआ को चालीस उलूम व फ़नून पर उबूर व मलका हासिल है जिन में से बहुत से उलूम व फ़नून पर आप की तस्नीफात व तालीफात शाहिद आदिल हैं। इल्मे तफ़सीर, इल्मे हदीस इल्मे फिक़्ह व इफ़्ता इल्मे कलाम इल्मे

तसव्वुफ,इल्मे लोगत,इल्मे बलागत,इल्मे नूह,इल्मे अरबी अदब ख़ास आप के मौज़ूआत हैं।

हज़रत ताजुश्शरीआ मद्दजुल्लाहुलआली को जुमला उलूम अरबिया और फ़ुनून अरबिया की तरह उर्दू व अदब पर भी कामिल उबूल हासिल है। इस लिए निहायत नफ़ीस, आसान उस्लूब में तर्जमा फ़रमाने की कोशिश फ़रमाई है। हमारे मदारिस इस्लामिया के तलबा-ए-किराम बहुत आसानी से समझ सकते हैं और समझेंगे। मतन व हवाशी से ख़ास बल्कि अख़स्सुलख़ास ही मुस्तफ़ीद हो पाते थे मगर बिहम्दिहीं तआला अब आम व ख़ास सभी मुस्तफ़ीज़ हो सकते हैं।

हज़रत ताजुश्शरीआ इल्म व फ़ज़ल,ज़हद व तक़वा तवक्कुल व क़नाअत,सब्र व इस्तिक़ामत और तदय्युन व तफ़क़्क़ह में फ़रीदुद्दहर,वहीदुलअस्र और यगाना-ए-रोज़गार हैं। अलवलद सरलावियां के लिहाज़ से सय्यिदिना आला हज़रत, हुज्जतुलइस्लाम,हज़रत मुफ़्ती आज़म के अक्स जमील हैं। चमन रज़वियत के ऐसे शुगुफ़्ता फूल हैं जिन के इल्म व फ़ज़ल,तबहर व तफ़क़्क़ुह,अख़लास व लिल्लाहियत, ख़ौफ़ व ख़शीब,फ़िक्ह व इन्शा शैर व अदब,तसानीफ़ात व तालीफ़ात,ज़कावत व फ़तानत और दीनी बसीरत की ख़ुशबूओं की महक से पूरी दुनिया-ए-सुन्नियत मुअत्तर व मुश्क बार है। ज़बान अरबी में हमा दानी मज़हब अहले सुन्नत और मराज़ेक आला हज़रत के रौशन मिनारा हैं जिस की तश्रीहों और ज़ियाबारियों से पूरी दुनिया-ए-सुन्नियत

रौशन है।

हज़रत ताजुश्शरीआ अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद अख़्तर रज़ा ख़ाँ कादरी बरेलवी की ख़िलाफ़त व इजाज़त की तक़रीब,एक हसीन और शान्दार तक़रीब थी। दारुल उलूम मज़हर–ए–इस्लाम बरेली के रोह रोजा इजलास 6/7/8 शअ़बानुल मुअज्जम 1381 हिजरी 13/14/15 जनवरी 1962 ई की सदारत और सर परस्ती ताजदार अहले सुन्नत हुज़ूर मुफ्ती–ए–आज़म कुद्दुस सिर्रहु ने फ़रमाई।

हुज़ूर मुफ्ती–ए–आज़म कुद्दुस सिर्रहु ने मौलाना साजिद अली ख़ाँ बरेलवी मोहतमिम दारुलउलूम मजहरे इस्लाम को हुक्म दिया कि 8 शअ़बानुल मुअज्जम 1381 हिजरी15 जनवरी 1962 ई को सुबह 8 बजे घर पर महफ़िल मीलाद शरीफ का इन्अेकाद किया जाये। मीलाद ख़्वाँ हज़रात उलमा व मशाइख और तलबा मदारिस व फ़ारिगुत्तहसील होने वाले तलबा की दअ़वत शिरकत दे दी जाये। शदीद सरदी के मौसम में कई हज़ार लोगों ने मीलाद शरीफ की उस खुसूसी तक़रीब में शिरकत की। महफ़िल मीलाद शरीफ़ के आख़िर में हुज़ूर मुफ्ती–ए–आज़म तशरीफ लाये और ताजुश्शरीआ अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद अख़्तर रज़ा ख़ाँ अज़हरी को बुलवाया,अपने क़रीब बिठाया दोनों हाथ अपने हाथों में ले कर जमीअ सलासिल आलिया कादरिया,सहरवर्दिया,नक्शबन्दिया चिश्तिया और जमीअ सलासिल अहादीस मुसलसल बिलअव्विलयत की इजाज़त व ख़िलाफ़त से सरफ़राज़ फ़रमाया। तमाम औराद

व वजाइफ़ आमाल व अश्गाल, दलाइलुलख़ैर, हज़बुलबहर, तअवीजात वग़ैरा वग़ैरा की इजाजत, मरहमत फरमाय?।

मुअर्रिख़ बरेली शरीफ, मेरे फर्जन्द रूहानी मौलाना मुहम्मद शहाबुद्दीन रज़वी जनरल सिक्रेट्री आल इन्डिया जमाअत रज़ा–ए–मुस्तफ़ा, मुअल्लिफ "मुफ्ती–ए–आज़म और उन के खुलफा" अपनी तालीफ़ लतीफ़ "हयाते ताजुश्शरीआ" जिस का पहला एडीशन 80 सफ़हात पर मुश्तमिल है। उसे हजफ़ व इज़ाफ़ा और नज़रे सानी के बाद 200 दो सौ से जाइद सफ़हात पर दूसरा एडीशन ला रहे हैं। मौसूफ की यह किताब हजरत ताजुश्शरीआ मद्दज़ुल्लाहुलआली की हयात व खिदमात, अफकार व नज़रियात और आलमी सतह पर कबूले खास व आम में नक्शे अव्वल और संगे मील की हैसियत रखती है। जिस की इशाआत के बाद हजरत ताजुश्शरीआ मद्दज़ुल्लाहुलआली की सवानेह निगारी की रास्ते हमवार हुये और सीरत निगारी का मवाद फराहम करने के लिए राहें खुली।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी नौ जवान कलमकारों में जौदनवीस, पुख्ता कलम और मुतअद्दिद किताबों के मुसन्निफ व मुअल्लिफ हैं, मर्कज इल्म व इरफान बरेली शरीफ के अहवाल व मुआरिफ और उन के मा आख़ज व मराजअ और खान्दान रजा के मशहुर, अकाबिरीन की सीरत व सवानह पर गहरी नज़र रखने वाले रम्जशनास शख्सियत के मालिक हैं। हयाते ताजुश्शरीआ के दूसरे एडीशन में मौसूफ ने जिन खारदार वादियों से गुजर कर कीमती

मालूमात फ़राहम की हैं वह लाइक़ तवज्जोह भी हैं और काबिल सद सताइश भी, इस राह की मुश्किलों और दुशवारियों को वही कुछ जानता है जो इस राह से गुज़रता है। दूसरा इन लज्ज़तों से वाकिफ़ नहीं। आज इस बात की शदीद ज़रूरत है कि हम अपने अकाबिर और बुज़ुर्गों के इल्मी और रूहानी हालात व कैफ़ियात,फ़जाइल व कमालात,अक़ाइद व नजरियात,ख़िदमाते जलीला और ज़र्री कारनामो से अवाम व ख़्वास अहले सुन्नत को ज्यादा से ज्यादा मुतआरफ करायें। ताकि उन के इल्मी फ़ैज़ान और रूहानी इकदार से ज़्यादा से ज़्यादा लोग फ़ैज़याब हो सकें। आदा–ए–दीन और हासिदीन के ज़बान व कलम को काबू में किया जा सके।

हजरत ताजुश्शरीआ मद्दजुल्लाहुलआली के दीनी और खान्दानी दुश्मुनों ने जहाँ अपनी दुशमुनी में कोई कसर नहीं छोड़ी हमेशा सताते और इम्तिहान की वादियों से गुजारते रहे। दूसरी तरफ हासिदीन का दाइरा भी रोज बरोज़ बढ़ रहा है जहाँ वह रश्क व हसद की आग में खुद जल रहे है,भून रहे हैं। वही दुनिया–ए–सुन्नियत को भी रश्क व हसद की आग में झोंक देना चाहते हैं। मिल्लत का शीराज़ा बिखैर देना और इत्तिहाद व इत्तिफाक को पारा कर देना चाहते हैं।

आतिशे आग से पत्थर भी नहीं है खाली
जल गया तूर जो मूसा से हुई प्यार की बात

इन हालात के पेशे नजर हुज़ूर ताजुश्शरीआ अपने

जद्दे आला आला हजरत इमाम अहले सुन्नत कुदुस के इस्तिग़ासा को सब्र व इस्तिकामत के साथ बज़बाने हाल दोहराते हुये अर्ज गुजार हैं।

इक [illegible] अदा–ए–दी एक [illegible]

बन्दा है तन्हा शहा तुम पे करोरों दुरूद

और अपने आका व माला सय्यदे आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की बारगाह बे कस पनाह में यूँ अर्ज़ करते हैं:

तुझ किया फिक्र है अख्तर तेरे यावर है वह यावर

बलाओ को जो तेरी खुद गिरफतार बला करदें

खान्दाने–रजा के उमूमन और हजरत ताजुश्शरीआ के खुसूसन आदा–ए–और हासिदीन कान खोल कर सुन लें

सब इन से जलने वालों के गुल हो गये चिराग

अहमद रज़ा की शमअ फिरोजा है आज भी

अल्लाह तआला जल्ल मजदहु बे वसीला–ए–सय्यदिल मुरसलीन ताहा या सीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम व बे तुफैल गौस व ख्वाजा व बरकात व रजा,हुज्जतुलइस्लाम,मुफ्ती आजम और मुफ़स्सिरे आजम तमाम खान्दाने रजा खुसूसन हजरत ताजुश्शरीआ उन के अहले खाना खुसूसन हजरत मौलाना अस्जद रज़ा खाँ कादरी जानशीन ताजुश्शरीआ उनकी आले नस्बी व रूहानी व जुमला वाबस्तगाने सिलसिला–ए–आलिया रजविया सब का दुशमनों के शर,हासिदों के हसद,जुमला अमराजे जिस्मानी व रूहानी और आसीबे रोजगार से मामून व

महफ़ूज़ फरमाये और हज़रत ताजुश्शरीआ दामत बरकातुहुमल कुदसिया वलआलिया व मतअल्लाहुलमुस्लीमीन बतौल बक़ाइही के साया आतिफ़त को ता देर हम सभों के सरों पर क़ाइम व दाइम रखे और उन के फ़ुयूज़ाते अलमिया व रूहानिया से माला माल फरमाये। अमीन व मा अलैना इल्ललबलागुलमुबीन.

दुआ गो

फकीर नूरी सय्यद शाहिद अली हस्नी रज़वी जमाली खलीफा–ए–हुज़ूर मुफ्ती आजम,क़ाजी शरह व मुफ्ती जिला रामपुर नाज़िम आला व शैखुलहदीस मर्कज़ी दर्सगाह अहले सुन्नत अलजामिअतुल इस्लामिया,गंजे कदीम,रामपुर।

मुख़्तसर हालात

ताजुश्शरीआ अल्लामा मुहम्मद **अख़्तर रज़ा अज़हरी** बरेलवी

जानशीन–ए– मुफ़्ती–ए–आज़म

मसनदे रुशद व हिदायत आस्ताना–ए–आलिया कादरिया

बरकातिया रजविया सौदागिरान,बरेली शरीफ

يبين نور الدجى عن نور طلعته كالشمس ينجاب عن اشراقها الظلم

يغضى حياء و يغضى من مهابته فما يكلم الا حين يبتسم

سهل الخليقة لا يخفى بوادره يزينه اثنان حسن الخلق و الشيم

مشتقة من رسول الله سنته فالناس غارته و الجيم و الشيم

كلتا يديه غياث عم نفعهما تستو كفان ولا يعود هما الكرم

من معشر حبهم دين و بغضهم كفر و قربهم منجى و معتصم

1.उनकी पेशानी की चमक से ज़ुलमतें दूर होती हैं, जिस तरह तुलूअ आफ़ताब से अंधेरा छुट जाता है।

2.और उन की हैबत से लोगों की आँखें झुक जाती हैं।

3.वह नर्म खु हैं,उनकी खसलतें पोशीदा नहीं हैं,खुश ख़ल्की और खुश मिजाजी ने जीनत बख़्शी है।

4.उनकी सिफात,सिफाते रसूलुल्लाह कि आइना दार हैं। उनकी आदतें व खसलतें बहुत खुब हैं।

5.दोनों हाथ मुसला धार बारिश की तरह फ़ैजे रसाँ हैं चाहे फ़ल हो या न हो।

6.वह इस मुक़द्दस गिरोह के फर्द फरीद हैं,जिन की

मोहब्बत दीन है और नका कुर्ब निजात देने वाला है।

विलादत :

जानशीन मुफ़्ति–ए–आज़म अल्लामा मुफ़्ती आलहाज अश्शाह मुहम्मद अखतर रज़ा अज़हरी कादरी इब्ने मौलाना मुहम्मद इब्राहीम रजा जीलानी इब्ने हुज्जतुलइस्लाम मौलाना मुहम्मद हामिद रज़ा इब्ने आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा फ़ाजिले बरेलवी25/फरवरी 1942 ई. को महल्ला सौदागिरान बरेली शरीफ मे पैदा हुये।

ख़ान्दानी पस मन्ज़रः

ताजुश्शरीआ का ख़ान्दान अफगानिन्नसल और क़बील–ए–बढ़ेच से तअल्लुक रखता है। मुरिस आला शहजादा सईदुल्लाह खाँ कन्दहार हुकूमत अफ़गानिस्तान के वली अहद थे,खान्दानी इख़्तिलाफ़ की वजह से कन्दहार को तर्क वतन कर लाहूर आये। यहाँ पर गवर्नर ने आप शीश महल में आप के कियाम का इन्तिजाम किया और दरबार मुहम्मद शाह बादशाह देहली को इत्तिलाअ भेजवाई,दरबार से शाही मेहमान नवाजी का हुक्म सादिर हुआ। फिर शहज़ादा सईदुल्लाह खाँ ने देहली बादशाह मुहम्मद शाह से जा कर मुलाकात की,आप को बादशह ने फौज का जन्रल बना दिया और आप के साथियों को भी फौज में अच्छी जगह मिल गई। रूहैल खन्ड में कुछ बगावत के आसार नुमाया हुये तो बादशाह ने आप को रुहेलख़न्ड की दारुस्सुलतनत बरेली भेज दिया ताकि वहाँ अमन व अमान क़ाइम करें। आप के साहबजादे सआदत यारखाँ दरबार

देहली में वज़ीर–ए–मुल्किकत थे,उनको कलैदी कलमदान मिला था,उनकी अपनी अलाहिदा महर थी। हाफ़िज काज़िम अली खाँ के आहद में मुग़लिया हुकूमत का जवाल शुरू हो गया। हर तरफ बग़ावतों का शौर और आजादी व खुद मुख़्तारी का जोर था। आप अवध की कमान संभालने पहुँचे। आप के फरजन्द मौलाना शाह रज़ा अली खाँ बरेली जिन्होंने 1857 ई. में अहम किरदार अदा किया। इंग्रेज ने उनका सर कलम करने के लिए पाँच हज़ार के इन्आम का एलान किया था। आप के दो फरजन्द मौलाना मुफ्ती नक़ी अली खा बरेलवी और दूसरे मौलाना हकीम तकी अली खाँ बरेलवी तवल्लुद हुये, जिन्होंने दरजनों किताबें लिखे, मौलाना नक़ी अली खाँ बरेलवी के तीन फरज़न्द तवल्लुद हुये। (1) आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खाँ क़ादरी फ़ाज़िल बरेलवी (2)मौलाना हसन रज़ा खाँ बरेलवी (3) मौलाना मुफ्ती मुहम्मद रज़ा खाँ बरेलवी।

तस्मिया ख़्वानी :

जानशीन मुफ़्तिए–आज़म की उमर शरीफ जब चार साल, चार माह, चार दिन की हुई तो वालिद माजिद मुफ़स्सिरे आज़म हिन्द मौलाना मुहम्मद इब्राहीम रज़ा जौनपुरी ने तक़रीब बिस्मिल्लाह ख़्वानी मुन्अकिद की, और उस में दारूलउलूम मन्ज़रे इस्लाम के जुमला तलबा को दअवत दी। हुज़ूर मुफ़्ति–ए–आज़म कुद्दिसा सिर्रहु ने रस्मे बिस्मिल्लाह अदा कराई। और मुहम्मद नाम पर अक़ीका हुआ। पुकार ने का नाम "मुहम्मद इस्माईल रज़ा' और उर्फ

मुहम्मद अख़्तर रज़ा तजवीज़ हुआ। हुज़ूर मुफ़्ति– ए–आज़म की साहबज़ादी यानी जानशीने मुफ़्ति–ए–आज़म की वालिदा माजिदा ने तअ़लीम का ख़ास ख़्याल रखा। चुंकि नाना जान का सहीह जानशीन इसी नवासे को मुस्तक़बिल में बन्ना था, और सारी तवक्कुआत उन्ही से वाबस्ता थीं। इसी लिए नाना जान हुज़ूर मुफ़्ति–ए–आज़म की सहर आमूज़ दुआये भी आप ही के हक़ में निकलती रहीं।

अल्क़ाब : जानशीने मुफ़्ति–ए–आज़म ने 1984 ई/1404 हिजरी में सुराश्टर का दौरा फ़रमाया, वीरावल, पुरबन्दर, जामजौधपुर,ईलटिया,धोराजी,और जीतपूर होते हुये 15/ आगस्त 1984 ई. 1404 हिजरी को अमरीली तशरीफ़ ले गये। वहाँ हज़ारों लोग दाख़िले सिलसिला हुये। रात 12 बजे से दो बजे तक जानशीन मुफ़्ति–ए–आज़म की तक़रीर हुई। और 18 आगस्त को जोनागढ़ में बज़म रज़ा की जानिब से एक जलसा रज़ा मस्जिद में रखा गया। जिस में अमीरे शरीअत हाज़ी नूर मुहम्मद रज़वी मारफ़ानी ने "ताजुल– इस्लाम" का लक़ब दिया। जिसकी ताईद मुफ़्ती गुजरात मौलाना मुफ़्ती अहमद मियाँ ने आम जलसा में की।

जानशीन मुफ़्ति–ए–आज़म को सदरूलमुफ़त्तीन, सनदुल मुफ़त्तीन,और फ़क़ीह–ए–इस्लाम का लक़ब 1984 ई 1404 हिजरी में रामपुर के मशहूर आलिमे दीन हज़रत मौलाना सय्यद मुफ़ती शाहिद अली रज़वी शैख़ुल मौसअलजामियातुल इस्लामिया गंज क़दीम रामपुर ने एक आम जलसा में दिया।

फख़रे अहले सुन्नत,फ़क़ीहे आज़म और शैख़ुल मुहद्दीसिन का लक़ब14/शव्वालुलमुकर्रम 1405 हिजरी 1985 ई. को मौलाना हकीम मुज़फ्फर अहमद रज़वी बरकाती दातागंज बदायूँ ने दिया। उस के एलावा मसलन ताजुश्शरीआ मरजउलउलमा वलफ़ुज़ला वग़ैरा,और बहुत से अलक़ाब उलमा व मशाइख ने दीए। जिसकी एक तवील फिहरिस्त है जामेअ अज़हर मिस्र के शैख़ुलहदीस ने आप को फख्र अज़हर का खिताब 2010 को काहिर में मुन्अक़िद तक़रीब में दिया।

हुसूले उलूम इस्लामिया :

जानशीन मुफ़्ति--ए--आज़म ने घर पर वालिदा माजिदा से कुरआन करीम नाज़रा खत्म किया। उसी दौरान वालिद माजिद से उर्दू की किताबे पढ़ी। घर पर तअलीम हासिल करने के बाद वालिद बुज़ुर्गवार ने दारूलउलूम मन्ज़रे इस्लाम मे दाखिल करादिया। नहमीर,मीज़ान, मुन्शइब वग़ैरा से हिदाया आख़ेरैन तक की किताबें दारूलउलूम मन्ज़रे इस्लाम के कुहना मशक असातिज़ा किराम से पढ़ीं। ताजुश्शरीआ ने फारसी की इब्तिदाई कुतुब पहली फारसी,दूसरी फारसी,गुलज़ारे दबिस्ता,गुलिस्ताँ और बुस्ताँ मन्ज़र--ए--इस्लाम के उस्ताद हाफिज इन्आमुल्लाह खाँ तस्नीम हामिदी बरेलवी से पढ़ी। 1952 ई. में एफ आर इस्लामिया इन्टर कालेज में दाखिला लिया। जहाँ पर हिन्दी और अंग्रेजी की तालीम हासिल की।

मुफस्सिरे हिन्द कुद्दुस सिर्रुहु के मुरीद खास जनाब निसार अहमद हामिदी सुलतान पूरी मरहूम की कोशिश से

जामिआ अज़हरी क़ाहिरा(मिस्र)से अरबी अदब में महारत हासिल करने के लिए फ़ज़ीलतुश्शैख़ मौलाना अब्दुत्तवाब मिस्री की ख़िदमात हासिल की गई थीं। शैख़ साहिब दारुल उलूम मन्ज़रे में दर्स व तदरीस दिया करते थे। उनके ख़ास तलामिज़ा में आप का शुमार होता था। आप दौराने तालिब इल्मी मामूल था कि अलस्सुबह अरबी अख़बारात उरतात को सुनाते और उर्दू हिन्दी के अख़बारात की ख़बरों व इत्तिलाआत को अरबी ज़बान में तर्जमा कर के सुनाते। आप को शैख़ साहिब बड़ी तवज्जोह और इन्हेमाक से पढ़ाते आप की ज़िहानत व फ़तानत को देखते हुये जामिआ अज़हर में दाख़िला का मशवरा मौलाना इब्रहीम रज़ा ख़ाँ जीललानी को दिया तो वह तैयार हो गये। ताजुश्शरीआ जानशीन मुफ़्ति-ए-आज़म1963 ई. में जामिया अज़हर क़ाहिरा मिस्र तशरीफ़ ले गये। वहाँ आप ने "कुल्लिया उसुलुद्दीन" (एम-ए-)में दाख़ला लिया मुसलसल तीन साल तक जामिया अज़हर मिस्र में फ़न तफ़सीर व हदीस के माहिर असातिज़ा से इक्तिसाब इल्म किया।

ताजुश्शरीआ बचपन ही से ज़हानत व फ़ितानत और क़ुव्वते हाफ़िज़ा के मालिक थे। और अरबी अदब के दिलदादा थे। जामिया अज़हर मिस्र में दाख़िला के बाद जब आप की जामिया के असातिज़ा और तलबा से गुफ़्तगु हुई तो वह आप की बे तकल्लुफ़ फ़सीह व बलीग़ अरबी गुफ़्तगु सुन कर महवे हैरत हो जाते थे और कहते थे कि।

एक अजमियुन्नसल हिन्दुस्तानी अरबियुन्नसल अहले इल्म हज़रात

से गुफ्तगु करने में कोई तकल्लुफ महसूस नहीं करता

जामिया अजहर मिस्र के शौअबा–ए–कुल्लिया–उसूलुद्दीन का सालाना इम्तिहान अगर्चे तहरीरी होता था। मगर मालूमात अम्मा(जन्रल नालेज) का इम्तिहान तक़रीरी होता था। चुनाँचेह जामिया के सालाना इम्तिहान के मौक़ा पर जब जानशीन मुफ़्ति–ए आज़म का इम्तिहान हुआ तो मुम्तहिन ने आपकी जमाअत से इल्मे कलाम के चन्द सवालात किए, पूरी जमाअत में से कोई एक भी सवालात के सहीह जवाब न दे सका। मुम्तहिन ने रूये सुख़न आप की तरफ़ करते हुये सवालात को दोहराया। जानशीन मुफ़्ति–ए–आज़म ने उन सवालात का ऐसा शाफ़ी व काफ़ी जवाब दिया कि मुम्तहिन तअज्जुब की निगाह से देखते हुये कहने लगा कि। "आप तो हदीस व उसूले हदीस पढते हैं, तब इल्मे कलाम में कैसे जवाब दिया"। जानशीन मुफ्ती–ए–आजम ने जवाब मे कहा "कि मैंने दारूलउलूम मन्जरे इस्लाम बरेली में इल्मे कलाम पढ़ा था"।

आप के जवाब से मसरूर हो कर मुम्तहिन जामिया ने आप को जमाअत म पहला मक़ाम दिया।

जामिया अज़हर से फ़राग़त,एवार्ड,और बरेली आमद :

ताजुश्शरीआ मुफ़्ती मुहम्मद अख़्तर रज़ा अज़हरी मन्दजुल्लाहु 1963 ई में जामिया अज़हर मिस्र तशरीफ़ ले गये,और वहाँ पर तीन साल मुसलसल रह कर हुसूले इल्म में मशग़ूल रहे। दूसरे साल के सालाना इम्तिहान में आप ने शिरकत की, अल्लाह तआला ने अपने फ़ज़ले अमीम से पूर

जामिया अज़हर काहिरा में इम्तिहान में आला काम्याबी अता फ़रमाई। उस काम्याबी पर इडीटर माहनामा आला हज़रत बरेली क़वाइफ़ अस्ताना रज़विया के उनवान से रक़मतराज हैं।

नबीर–ए– आला हज़रत हुज्जतुलइस्लाम अलैहिर्रहमा और हज़रत मुफ़सिरे आज़म के फ़रज़िन्द दिलबन्द मौलाना अख़तर रज़ा ख़ाँ साहब ने अरबी में बी–ए–की सनद फ़रागत निहायत नुमाया और मुम्ताज हैसियत से हासिल की,मौलाना अख़रत रज़ा ख़ाँ साहब न सिफ़ जामिया अज़हर में बल्कि पूरे मिस में अव्वल नम्बरो से पास हुये। मौला तआला उन को इस से ज़्यादा बेश अज़ बेश काम्याबी अता फ़रमाये। और उन्हें ख़िदमात का अहल बनाये, और वह सहीह मअना में आला हज़रत इमाम अहले सुन्नत के जानशीन कहे जायें। अल्लाहुम्मा जिद फ़ज़िद।

ताजुश्शरीआ1966 ई. जामेअ अजहर काहिरा से फ़ारिग हुये तो करनल जमाल अब्दुन्नासिर ने आप को बतौर इन्आम जामे "अज़हर ईवार्ड" पेश किया और साथ ही साथ सनद से भी नवाजे गये।

जब आप जामेअ अज़हर से बरेली शरीफ़ तशरीफ़ लाये तो उस की कैफ़ियत शहर के मशहूर बुज़ुर्ग उमीद रज़वी ये तहरीर फ़रमाते है, बउनवान आमदनत बाइस.....

गुलिस्ताने रज़वियत के महकते फूल, चमनिस्ताने आला हज़रत के गुल ख़ुशरंग, जनाब मौलाना मुहम्मद अख़तर रज़ा ख़ाँ साहब इब्ने हज़रत मुफ़सिरे आज़म हिन्द [illegible] अलैहि एक अरसा दराज़ के बाद जामेअ अजहर

से फ़ारिगुत्तहसिल हो कर 17/नवम्बर 1966ई 1386हिजरी की सुबह को बहार अफ़जाये गुलशन बरेली हुये,बरेली के जंकशन स्टेशन पर मुतअल्लिक़ीन व मुतवस्सिलीन व अहले ख़ान्दान, उलमा–ए–किराम व तल्बा–ए– दारूलउलूम(मन्ज़रे इस्लाम)के एलावा बेशुमार मोअतक़दीन हज़रात ने(जिन में बेरूने जात खुसूसन कानपुर के अहबाब भी मौजूद थे) हज़रत मुफ्ती आज़म मद्दज़ुल्लाहु की सर परस्ती मे परतिपाक और शान्दार इस्तिकबाल किया, और साहबजादा मोसूफ को खुशरंग फूलों के गजरों और हारों की पेशकशी से अपने बालिहाना जजबात व खुलूस और अकीदत का इज़हार किया।

इदारा मोलाना अख़्तर रज़ा खाँ अज़हरी और मुतवस्सिलीन को उस कामयाब वापसी पर हदया –ए–तबरिक व तहनियत पेश करता है,और दुआ करता है कि अल्लाह तआला बतुफैल अपने हबीब करीम अलैहिस्सलात वत्तस्लीम उन के आबा किराम खुसूसन आला हज़रत इमाम अहले सुन्नत मुजद्दिदे आजम रदियल्लाहु तआला अन्हु का सच्चा सही वारिस व जानशीन बनाये। ई दुआ अज मन व अज जुमला जहाँ आमीन बाद।

(मौलाना [illegible] के मुताबिक [illegible] 17 दिसम्बर 1966 ई 1386 हिजरी)

"हुज़ूर को लेने के लिए हज़रत बज़ाते खुद बनफ्स नफीस तशरीफ़ ले गये,और ट्रेन का वे तावाना इन्तिज़ार फरमाते रहे,जैसे ही ट्रेन पलेट फार्म पर उतरी,सब से पहले हज़रत ने गले लगाया, पेशानी चुमी और बहुत दुआयें दी

और फ़रमा कि कुछ लोग गये थे मगर बदल कर आये मगर मेरे बच्चे पर जामिआ की तहज़ीब का कुछ असर नहीं हुआ,मा शाअल्लाह।"

अन्दाज़े तर्बियत

हज़रत ताजुश्शरीआ के वालिद माजिद मुफ़स्सिर–ए–आजम हिन्द रहमतुल्लाहि अलैहि ने आप की नशू व नुमा बडे नाज़ व नअम और ख़ुसूसी एहतिमाम के साथ की, दौराने तालिबइल्मी आप को तक़रीर व वअज़ की तरबियत देते थे। एक बार वालिद माजिद ने आप को क़रीब बुला कर बैठाया और फ़रमाया कि कल से तलबा(मन्ज़र–ए–इस्लाम)को सैफुलजब्बार(मुसन्निफ़ा सैफुल्ला अलमसलूम अल्लामा शाह फजले रसूल उस्मानी बदाँयूनी)सुनाया करोगे। आप ने अर्ज किया कि अब्बा हुज़ूर अभी मेरी उर्दू भी अच्छी नहीं है,फ़रमाया कि सब ठीक हो जायेगी,यह काम तुम्हारे जिम्मा किया जाता है। आप ने दूसरे दिन से हम दर्स तलबा को जमा किया और ख़ानक़ाहे आलिया रज़विया की छत पर बैठ कर "सैफुलजब्बार"का दर्स शुरू करदिया। इस तरह मुतअ़द्दिद बार सैफुलजब्बार का दर्स दिया और मुतालअ़ किया,वालिद माजिद के इस से कई मक़ासिद पोशीदा थे,एक तो यह कि उर्दू एबारत ख्वानी बेहतर हो जायेगी,दूसरी अकाइद–ए–अहले सुन्नत व जमाअत की खुब जानकारी हासिल होगी,तीसरी वजह यह थी कि तक़रीर व ख़िताबत करने में तकल्लुफ और झिझक ख़त्म हो जायेगी।

दौराने तालीम वालिद माजिद का इन्तिक़ाल:

जानशीन–ए–हुजूर मुफ्ती–ए–आज़म जब जामेअ अज़हर में तालीम व तरबियत हासिल कर रहे थे। उसी दौरान आप के वालिद माजिद मुफस्सिर–ए–आज़म हिन्द मौलाना इब्राहीम रज़ा खाँ जीलानी बरेलवी का 60 साल की उमर में 11/सफ्फरुलमुज़ाफ्फर 1385 हिजरी 12/जून 1965 ई. को इन्तिकाल हो गया। इन्तिकाल की खबर पहुचते ही आप के कल्ब पर गहरा सदमा पहुँचा। आप के हम दर्स मौलाना शमीम अशरफ अजहरी(मारीशश) ने आप के बरादर अकबर मौलाना रैहान रज़ा खाँ रहमानी मियाँ को ताज़ीयती मकतूब लिखा,और आप की कैफियत तहरीर की है,इस से बखूबी अन्दाज़ा होता है। जानशीन मुफ्ती–ए–आजम ने एक तवील खत बरादरे अकबर के नाम तहरीर किया और वालिद साहब के इन्तिकाल की तफसीलात मालूम की और एक ताज़ीयती नजम भी तहरीर फरमाई। यह तमाम चीजे राकिमुस्सुतूर के पास महफूज हैं।

[illegible]

असातिज़ा किराम :

आप के असातिज़ा में काबिल जिक्र असातिज़ा किराम यह हैं।

1– हुजूर मुफ्ती आज़म मौलाना अश्शाह मुस्तफा रज़ा नूरी बरेलवी कुद्दुस सिर्रहु

2– बहरूलउलूम हज़रत मौलाना मुफ्ती सैयद मुहम्मद

अफ़ज़ल हुसैन रज़वी मोंगरी

3 –मुफ़स्सिरे आज़म हिन्द हज़रत मौलाना मुहम्मद इब्राहीम रज़ा जीलानी रज़वी बरेलवी

4 –फ़ज़ीलतुश्शैख़ मौलाना अल्लामा मुहम्मद समाही शैखुल हदीस वत्तफ़सीर जामेआ अजहर काहिरा

5– हज़रत अल्लामा मौलाना महमूद अब्दुलग़फ़्फ़ार उस्ताज़ुलहदीस जामेआ अजहर काहिरा

6–उस्ताज़ुलअसातिज़ा मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद अहमद उर्फ़ जहाँनगीर खाँ रज़वी आज़मी

7 रैहान मिल्लत मौलाना मुहम्मद रैहान रज़ा रहमानी रज़वी बरेलवी

8 फ़ज़ीलतुश्शैख़ मौलाना अब्दुत्तवाब मिस्री उस्ताद मन्ज़र–ए–इस्लाम बरेली

9 मौलाना हाफ़िज़ इन्आमुल्लाह खाँ तस्नीम हामिदी बरेलवी।

दर्स व तदरीस : ताजुश्शरीआ अल्लामा मुफ़्ती मुहम्मद अख़्तर रज़ा अज़हरी को 1967 ई में दारूलउलूम मन्ज़रे इस्लाम बरेली में दर्स देने के लिए पेश कश की गई। आप ने उस दअवत को क़बूलियत से सरफ़राज़ किया 1967 ई. से तदरीस के मसन्द पर फ़ाइज़ हो गये। ताजुश्शरीआ के बरादरे अकबर मौलाना रैहान रज़ा रहमानी बरेलवी ने 1978 ई में सदरूलमुदर्रिसीन के आला ओहदा पर तकर्रुर किया। और उस ओहदे के साथ "रज़वी दारूलइफ़्ता" के सदर मुफ़्ती भी रहे। दर्स व तदरीस का सिलसिला मुरालसात

बाराह साल तक चलता रहा।

हिन्दुस्तान गीर तब्लीग़ी दौरे की वजह से यह सिलसिला कुछ अय्याम के लिए मुन्कतअ हो गया। मगर कुछ ही दिनों बाद अपने दौलत कदे पर दर्स कुरआन व हदीस का सिलसिला शुरूअ किया। जिस में मन्जरे इस्लाम,मजहरे इस्लाम और जामिआ नूरिया रजविया के तलबा कसरत से शिरकत करते, 1407 हिजरी और 1408 हिजरी को मदरसा अलजामियातुल इस्लामिया गजकदीम रामपुर में ख़त्म बुख़ारी शरीफ़ कराया।1408 हिजरी को जामिआ फारूकिया भोजपुर जिला मुरादाबाद में बुख़ारी शरीफ का इफ़्तिताह किया। 1409 हिजरी को दारूलउलूम अमजदिया कराची (पाकिस्ता)में बुख़ारी शरीफ़ का इफ़्तिताह फरमाया,और जिलहिज्जा1409हिजरी को अलजामिअतुल कादरिया रिछा बेहड़ी जिला बरेली शरीफ में शरह वकाया का तवील सबक़ पढ़ाया। अब तक मुल्क व बैरुने मुमालिक में न जान कितने मदारिस वजामीआत में दर्स बुख़ारी दिए हैं। जामिआ फारूकिया बनारस में ख़त्म बुख़ारी के मौका पर साहिबे बुख़ारी और आख़िरी हदीस पर ढाई घन्टा तक़रीर फ़रमाई।

ख़ान्दान रज़ा की फ़तवा नवैसी :

ख़ान्दान इमाम अहमद रजा कादरी फ़ाजिले बरेलवी की मुद्दत फतवा नवैसी का मन्दर्जा ज़ैल जाइज़ा ईमान और यकीन को रौशन करता है। हजरत मौलाना रज़ा अली ख़ाँ की फतवा नवैसी का आगाज 1246 हिजरी 1831 ई अन्जाम

1282 हिजरी 1865 ई. इमाम अहमद रज़ा की फ़तवा नवैसी का आग़ाज़ 1286हिजरी / 1869 ई.अन्जाम 1340 हिजरी 1831 ई. हुज्जतुलइस्लाम मुफ़्ती मुहम्मद हामिद रज़ा की फ़तवा नवैसी का आगाज़ 1338 हिजरी 1910 ई. अन्जाम 1981 ई. / 1402। है।

बहम्देही तआला यह सिलसिला–ए–ज़रर जिसकी मुद्दत 1408 हिजरी 1988 ई. तक 162 साल होती है,अब भी खानकाह आलिया कादरिया बरकातिया रजविया सौदागिरान बरली से ताजुश्शरीआ 1967 ई से अन्जाम दे रहे हैं। आप हुज़ूर मुफ़्ती आज़म कुद्दिसा सिर्रहु और मुफ़्ती सैयद मुहम्मद अफ़ज़ल हुसैन रज़वी मांगीरी की ज़ेरे निगरानी फ़तावा लिखते रहे। मुफ़्ती आजम कुद्दिसा सिर्रहु के पास फ़तावा की कसरत की वजह से कई काम करते। मुफ़्ती आज़म ने फ़रमाया :

इस के जवाब में आप ने यह अज़ीमुश्शान मुहक्काना रिसाला तहरीर फ़रमाया और कुरआन व हदीस के दस मुस्तहकम दलाइल और मुतअद्दिद वजूह से सरकारे अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के अबवैन करीमैन के ईमान को साबित फ़रमाया और यह भी लिखा है है पैंतीस जलीलुलकद्र उलमा-ए-किराम व आइम्मा-ए-किबार का यही मजहब मुख़्तार है फिर उन सभी के नाम भी ज़िक्र फरमाये और आखीर में हज़रत आमना रदियल्लाहु तआला अन्हुमा के कुछ अशआर भी नक्ल किए हैं जो उन्होंने वक्त वफात अपने फर्जन्द करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की तरफ नजर कर के कहे थे,उन अशआर से भी उन का इस्लाम व ईमान साबित होता है।

यह रिसाला फतावा रजविया की ग्यारहवीं जिल्द में सफहा नम्बर 154 से सफ़हा नम्बर 171 तक फैला हुआ है। इस तरह यह बडे साइज़ के उठठारह सफहात को मुहीत है। इस में मजमूई तौर पर इक्तालीस हदीसें मौज़ूअ के सुबूत में पेश की गई हैं। यह रिसाला निहायत रूह परवर

और ईमान अफ़रोज़ है और ईमान अबवैन के मौज़ू पर एक मुन्फ़रिद शान का हामिल है।

हज़रत ताजुश्शरीआ अल्लामा अज़हरी साहिब दामज़िल्लाहुआली ने फसीह व बलीग अरबी में इस का तर्जमा फ़रमाया है,यह तर्जमा निहायत बकीअ,सलीस और शस्ता है जो दोनों ज़ुबनों में हज़रत की महारत का रौशन सुबूत है।

असल रिसाला की कुछ एबारत बतौन नमूना हज़रत ताजुश्शरीआ दाम जिल्लाहु के अरबी तर्जमा के साथ नज़रे कारेईन है।

नमूनाः

"जब सहीह हदीसों से साबित हुआ कि हर क़र्न व तबक़ा रूये ज़मीन पर (कम अज़ कम)सात मुसलमान बन्दगाने मकबूल जरूर हैं,और खुद सहीह बुखारी शरीफ की हदीस से साबित हुआ कि हुज़ूर अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम जिन से पैदा हुये वह लोग हर जमाने,हर कर्न में ख़्यार कर्न से थे और आयत कुरानिया नातिक़ कि कोई मुश्रिक अगर्चे कैसा ही शरीफुलकौम, बिन्नसब हो किसी गुलाम मुसलमान से भी खैर व बेहतरीन नहीं हो सकता। तो वाजिब हुआ कि मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के आया अमहात हर कर्न व तबक़ा में उन्हें बन्दगाने सालेह व मकबूल से हों,वरना मआज़ल्लाह सही बुख़ारी में इरशादे मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु तआला अलैहि

वसल्लम और कुरआन अजीम में इरशाद हक जल्ल व अ़ला के मुख़ालिफ़ होगा"। (6)

फ़िक़्हे शाहिन्शाह व अन्नलकुलूब बेयदिलमहबूब बेअ़तायलल्लाह

महल्लाह पील खाना,कानपुर से 1326 हिजरी को सय्यद मुहम्मद आसिफ़ साहिब ने दर्ज जैल अल्फाज़ में आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा कादरी बरेलवी अलैहिर्रहमा वर्रिज़वान के पास इस्तिफ़्ता भेजा

"हामी-ए-सुन्नत,माही बिदअत,जनाब मौलाना साहिब दामत फ़ीयूज़हुम,बाद सलाम मस्नूनुलइस्लाम इल्तिमास बरई कि इन दिनों जनाब वाला का दीवान नअ़तिया कम तरीन के ज़ेरे मुताला है। बसद आदाब मुलाज़िमान हुज़ूर की खिदमत बा बरकत में मुलतमिस हों कि दो मिसरा के अल्फाज़ शरअन काबिल तरमीम मालूम होते हैं और गालिबन इस हेच मर्दा की राये से मुलाज़िमान सामी भी मुत्तफ़िक़ हों और दर सूरत अदम इत्तिफाक जवाब वा सवाब से तशफ्फी फ़रमायें। "हाजियों! आओ शाहिन्शाह का रोज़ा देखो"

इस मिसरअ में लफ्ज़ "शाहिन्शा" खिलाफ हदीस मुमानिअत दर बार-ए-काल' तिलकलमलूक" है बचाये शाहिन्शाहे अगर "मेरे शाह" हो तो किसी किस्म का नुक्सान नहीं दूसरा यह मिस्रअ हज़रत गौस आज़म कुद्दुस सिर्रुहु की तारीफ में:

"बन्दा मजबूर है,खातिर यह है कब्ज़ा तेरा"

सहीह हदीस शरीफ़ से साबित है कि दिल खुदावन्द

करीम के क़ब्ज़ा कुदरत में हैं और वह ज़ात मक़ल्लिबुकुलूब है। चुंकि इस हेच मदाँ,सराया इस्याँ को मुलाज़मान जनाब वाला से ख़ास अक़ीदत व इरादत है। लिहाजा उमीदवार है कि यह तहरीर महज़ ''अदिदनुन्नसह'' पर महमूल फरमाई जाये। बखुदा फ़िदवी ने किसी और गर्ज से नहीं लिखा''

इन दोनो सवालों के जवाब में इमाम अहले सुन्नत सय्यदिना आला हज़रत अलैहिर्रहमा वर्रिज़वान ने ऐसी तफ़सीली और मुहक्काना बहस फ़रमाई कि उस ने एक रिसाला की शक्ल इख़्तियार कर ली।

पहले मिसरा पर तन्क़ीद के जवाब म आप ने जो तहक़ीक फ़रमाई उसका खुलासा यह है।

(1)''शहिनशाह''का अगर मअना नजाजो मक़सूद हो और अज राह तकब्बुर इस का इस्तेमाल न हो तो उसका इतलाक अल्लाह तआला के बरगुज़ीदा और मुक़र्रब बन्दों पर बिला शुबह जाइज व दुरुस्त है।

(2) अगर कोई शख़्स तकब्बुर के तौर पर से अपने लिए इस्तेमाल करे तो बिला शुबह यह नाजाइज व हराम होगा। बल्कि मअना हकीकी इस्तिग़राक़ी की सूरत में कुफ़्र हो जायेगा।

और दूसरे मिसरा पर तन्क़ीद के जवाब में जो तन्क़ीद पेश की उसका खुलासा यह है कि:

''मक़ल्लिबुलकुलूब''मअना हकीकी के एअतिबार से अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल के लिए खास है,लेकिन अल्लाह ने अपने खास बन्दों को भी इस ताक़त व कुव्वत से नवाज़ा है,

इस लिए अताई मान कर उसका इतलाक़ ग़ैरुल्लाह पर भी हो सकता है,उस में शरअन कोई ख़राबी नहीं।

यह रिसाला अपने मौज़ूअ पर निहायत गिराँ कदर, बेश और मुहक्काना है,इस से आला हज़रत अलैहिर्रहमा वर्रिज़वान के इल्मी तबहर,कुव्वते इस्तिदलाल,हिफ्ज व इस्तिहज़ार और आलिमाना ज़रफ निगाही और मुहक्काना फिक्र व बसीरत का वा खुबी इजहार होता है।

इस वक़्त रिसाले का जो नुस्खा मेरे सामने है वह"शहिन्शाह कौन"के नाम से इदारा अफकार हक़,वाइसी बाजार पुरनिया(बिहार)का मतबूआ है। यह 36×23 / 16 साइज के पचपन सफ्हात पर मुश्तमिल है।

हजरत ताजुशरीआ दामत बरकातुहुमुलआलिया ने इस रिसाला के मौज़ूअ और मज़मून की अहमियत व इफादीयत के पेशे नजर अरबी जबान में उस का निहायत शान्दार तर्जमा फरमाया है। बतौर नमूना जैल में असल ऐबारत मअ तर्जमा पेशे खिदमत है :

नमूना:

आला हजरत इमाम अहमद रजा कादरी कुद्दुस सिर्रीहु गैर खुदा पर लफ्ज"शहिन्शा"का इत्तलाक व इस्तेमाल मुनअद्दिद उलमा–ए–किराम,मशाइख़े एज़ाम और अइम्मा एलाम के हवाले से पेश करने के बाद लिखते हैं :

"गर्ज कलिमात अकाबिर में उसके सदहा नज़ाइर मिलेंगे। हमें किया लाइक है कि उन तमाम आइम्मा व फुकहा व उलमा व उर्फा रहिमाहुम अल्लाह तआला व

कुदरत इसरार हुम पर तअन करें। वह हुम से हर तरह से अरफ व आलम थे। लिहाजा वाजिब कि बतौफीक इलाही नजर फ़ह्मी से काम ले और इस लफ्ज के मना व जवाज़ में तहकीक मनात करें,कि मसअला कतअन माकूलुल मअना है न कि महज़ तअ़बुदी।

फ़अकुल व बिल्लाहित्तौफीकः जाहिर है कि असल मन्शा से मना इस लफज का इस्तिग़राक हकीकी पर हमल है,यानी मौसूफ का इस्तिस्ना तो अक्ली है कि खुद अपने नफ़्स पर बादशाह होना माकूल नहीं,उस के सिवा जमीअ मलूक पर सुलतनत और यह माना कतअ़न मुखातस़ व हजरत इज्ज़त अज्ज़ जलालोहु और उस मअ़ना के इरादे से अगर गैर पर इतलाक़ हो तो सराहतन कुफ़्र है कि उस के इस्तिग़राक़ हकीकी में रब्ब अज्ज व जल्ल भी दाखिल होगा। यानी मआजल्लाह मौसूफ को इस पर भी सुलतनत है। यह हर कुफ्र स बदतर है। मगर हाशा ना हर गिज कोई मुसलमान उस का इरादा कर सकता है न ज़नहार कलाम मुस्लिम सुन कर किसी का इस तरफ जहिन जा सकता है,बल्कि कतअ़न कतअ़न ओहद या इस्तिग़राक उर्फी ही मुराद,और वही मफहूम व मुस्तफ़ाद होता है कि क़ाइल का इस्लाम ही उस का इरादा पर करीना हातिआ है,जैसा कि उ़लमा ने मुवहिद के अंवतुर्रबीउलवक्ल(मौसम रबीअ ने सबजा उगाया)कहने मे तसरीह फरमाई" 8

अहलाकुलवहाबीईन अ़ला तौहीन कुबूरुलमुस्लिमीन :

मौलाना मुहम्मद उमरुद्दीन क़ादरी हजारवी

अलैहिर्रहमा के पास यह सवाल आया कि अहले सुन्नत के किसी क़दीम क़ब्रिस्तान की कबरों को खोद कर अपने रहने के लिए मकान बनाना मजहब हन्फी की रुह से जाइज है या नाजाइज ? और ऐसा करने से कबरों में मदफून मुरदों की तौहीन है या नहीं ?

इस के जवाब में मौलाना हजारवी अलैहिर्रहमा ने फरमाया कि अम्बिया,औलिया और शोहदा की कब्रें ढा कर उन की तौहीन करना फिर्क़ा मुबतदअ वहाबिया का शआर हो चुका है। वहाबिया के पेशवाओं की किताबे एसे मजामीन से भरी हुई है जिन से उन खासान खुदा की अहानत होती है। तो जब उन महबूबाने बारगाहे इलाही की तौहीन उनके मजहब में रवा है तो आम मोमिनीन की कब्रो को ढाना और उनकी तौहीन करना उनके मकान बनाना,उन्हें ईजादेना और उनकी तौहीन करना हरगिज जाइज नहीं। फिर कसीर कुतुब हदीस व फिक्ह व फतावा से अपने मौकिफ की तईद में एबारतें पेश की हैं। आप का यह वकीअ फतावा मुतवस्सित साइज के सात सफहात को मुहीत है उस पर मौलाना अब्दुलगफूर,मौलाना मुहम्मद बशीरुद्दीन,मौलाना अब्दुर्रशीद देहलवी,मौलाना मुहम्मद फजलुलमजीद बदायूँनी, मौलाना अब्दुलमुकतदिर बदायूनी,मौलाना मुहम्मद फज़ले अहमद बदायूनी,मौलाना मुहम्मद हाफिज बख्श मुदर्रिस मदरसा मुहम्मदिया बदायूनी और मौलाना मुहिब अहमद कादरी मुदर्रिस मदरसा शमसिया,जामेअ मस्जिद बदायूँ की तसदीकात हैं। आखरी तसदीक आला हजरत इमाम अहमद

रज़ा कादरी बरेलवी अलैहिर्रहमा की है जो मौलाना मुहम्मद अमरूद्दीन हज़ारवी अलैहिर्रहमा की दरख़्वास्त पर आपने क़लमबन्द फरमाई, इस तसदीक़ ने एक रिसाला की सूरत इख़्तियार कर ली और उसका तारीख़ी नाम"اهلاك الوهابيين على توهين قبور المسلمين" है उस से 1322 के आदाद निकलते हैं।

इस रिसाले में दो फसल हैं फसल अव्वल में यह साबित किया गया है कि मुसलमानों की क़बरों की ताज़ीम जरूरी और तौहीन मम्नूअ और नाजाइज है और उस में उन उमूर का भी तफसीली बयान है जिन से असहाब कुबूर को अज़ीयत पहुचती है।

और फ़सल दौम में वहाबियों के बे सरोपा दलीलों पर तन्क़ीद और उस बात का वाज़ेह बयान है कि मुसलमानों के आम कब्रिस्तान में अपना रिहाइश के लिए मकान बनाना तो बहुत दौर कोई वक्ती मकान बनाना भी नाजाइज व हराम है। फिर उस तरदीकी रिसाला पर दर्ज ज़ैल उलमा अहले सुन्नत की गिरॉ कद्र तस्दीकात व ताईदात हैं (1) मौलाना मुहम्मद सुलतान अहमद खॉ (2)मौलाना मुहम्मद अब्दुल्लाहि (3)मौलाना मुहम्मद नईम पशावरी (4)मौलाना सय्यद हैदर शाह क़ादरी (5) मौलाना मुहम्मद ज़फरूद्दीन रज़वी बिहारी अलैहिमुर्रहमा वर्रिज़वान।

यह मुहक़्क़िकाना रिसाला बड़े साइज़ के चालीस सफहात पर फैला हुआ है और अपने मोज़ूअ के तमाम जरूरी गोशों को मुहीत है।

इस रिसाला की अहमियत व इफादियत के पेशे नजर हजरत ताजुश्शरीआ दाम जिल्लाहु ने उस का अरबी में तर्जमा फ़रमाया है ताकि उर्दू से ना आशना अरबी दॉ तबक़ा भी उस से मुस्तफीद हो सके नमूना के तौर तर्जमा मअ असल एबारत के कारीईन की खिदमत में पेश है।

नमूनाः

"बात यह है कि वहाबिया की निगाह में कुबूर मुस्लेमीन,बल्कि खास मज़ारात औलिया किराम अलैहिमुर्रहमा वरिज़वान ही की कुछ कद्र नहीं,बल्कि हत्तलवसीअ उन की तौहीन चाहते हैं और जिस हीले काबू चले उन्हें नेस्त व नाबूद व पामाल करने की फिक्र में रहते हैं। उन के नजदीन इंसान मरा और पत्थर हुआ, जैसे वह खुद अपनी हयात में हैं कि لا يسمع ولا يبصر ولا يغني عنك شيئا۔ हालाँकि शरअ मुत्तहर हैं मजारात औलिया तो मज़ारात आलिया, आम कुबूर मुस्लिमीन मुस्तहक़ तकरीम व मुमतनअउलतौहीन यहाँ तक कि उलमा फ़रमाते हैं : क़बरों पर पाओं रखना गुनाह है कि सकफ कब्र भी हक मैयत है कनीया में इमाम अलाउ तर कमानी से है। يأثم بوط القبور لان سقف القبر حق الميت۔

हत्ता कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम जिन की नअलैन पाक की खाक अगर मुसलमान की क़ब्र पर पड़जाये तमाम क़ब्र जन्नत के मुश्क के मुश्क व अंबर से महक उठे। अगर मुसलमान के सीने और मुंह और सर और ऑखों पर अपना क़दम अकरम रखें उसकी लज्जत व नेअमत व राहत व बरकत में अबदुल आबाद तक सरशार व सरफ़राज़ रहे। वह फरमाते हैं :

"لا امشي على جمرة أو سيف أحب الي من أن امشي على قبر مسلم" (बे शक चिंगारी या तलवार पर चलना मुझे इस से ज्यादा पसन्द है कि किसी मुसलमान की क़ब्र पर चलों)रवाहु इब्ने माजा बसनद जैद अन उकबत बिन आमिर रदियल्लाहु तआला अन्हु।

और वहाबिया को इस की फिक्र है किसी तरह मुसलमानों की क़बरों पर मकान बनें,लोग चलें फिरें,क़ज़ाये हाजत करें भंगी अपने टुकरे ले कर चलें।

"अगर इं अस्त पसन्द तो नसीहत बादा"(10)

तयसुरुलमाऊ़न लिस्सुकुन फ़ित्ताऊ़न :

26/सफ़र 1325 ई को मौलवी मुहम्मद नफ़ीस इब्ने मुहम्मद इदरीस क़स्बा निगराम ज़िला लखनऊ की जानिब से नौ सवालात पर मुश्तमिल एक इस्तिफ़ता आला हज़रत इमाम अमदर रज़ा क़ादरी बरेलवी कुद्दुससिर्रुहु की बारगाह में आया जिस का हासिल यह था कि ताऊ़न के खौफ़ से किसी बस्ती से भागना शरअन कैसा है ?

आप ने उसके जवाब में कुरआनी आयात, अहादीस नबविया, शरह हदीस और फ़िक़्ही जुज़ियात की रौशनी में जवाब दिया कि ताऊ़न से फ़रार गुनाह कबीरा है और फ़रार की तरग़ीब देने वाले पर फ़रार होने वाले से ज़्यादासख़्त वबाल है। और हदीसें इस मौक़ूफ़ की ताईद व तौसीक़ में पेश की गई हैं उन में ताऊ़न से भागने पर सख़्त वईद और सब्र किए ठहरे रहने की तरग़ीब व ताकीद है।

इस रिसाला का तारीख़ी नाम" तयस्सिरुलमाऊ़न लिस्सुकने फ़ित्ताऊ़न" है जिस से 1325 के आदाद बर आमद होते हैं। यह रिसाला फ़तावा रज़विया, जिल्द नहुम, निस्फ़ अव्वल में शामिल है और सफ़हा नम्बर 157 से स266 तक बड़े साइज़ के आठ सफ़हात को मुहीत है।

हज़रत ताजुश्शरीआ दाम ज़िल्लोहुआली ने उसका शान्दार फ़सीह अरबी में तर्जमा फ़रमाया है जो आप की फ़न्नी महारत व कमाल का मुंह बोलता

सुदूत है। बतौर नमूना कुछ एबारत मअ अरबी तर्जमा नजरे कारेईन है।

नूमना :

जिन हिक्मतों की बिना पर हकीम करीम रऊफुर्रहीम अलैहि व आला आलेहिस्सलात वत्तस्लीम ने ताऊन से फरार हराम फरमाया उन में एक हिक्मत यह है कि अगर तन दुरुस्त भाग जायेंगे बीमार आइअ रह जायेंगे,उन का न कोई तीमार दार होगा न खबर गिरी। फिर जो मरेंगे उन की तजहीज व तकफीन कौन करेगा? जिस तरह खुद आज कुल महारे शहर और गर्द व नवाह के हुदूद में मशहूर हो रहा है कि औलाद को माँ बाप,माँ बाप को औलाद ने छोड़ कर अपना रास्ता लिया। बड़ों बड़ों की लाशें मजदूरों ने ठेले पर डाल कर जहन्नम पहुचाये। अगर शरअ मुतहहर मुसलमानों को भी भागने का हुक्म देती तो नऊजुबिल्लाह यही हो के मरीजों की बे कसी उन के मरीजों मय्यतों की भी घोरता,जिसे शरअ कतअन हराम फरमाती है"। (12)

अरबी तर्जमा अज हजरत ताजुशरीआ मद्दद्दुल्लाहु

"من جملة الحكم التى منع من أجلها الحكيم الكريم، الرؤف الرحيم عليه و على آله الصلوة و التسليم عن الفرار من الطاعون أنه لو فر الأصحاء لضاع المرضى و لا يبقى من يمرضهم و لا من يتعدهم،فمن يقوم بتجهير الموتى و تكفينهم كما

شاع فی الوثنیین ببلدنا و نواحیه ان الأولاد و الآباء والأمهات اتخذ و اسیلهم،والعمال حملوا جیف أکابرهم علی العربات و واصلوهم النار ولوأن الشرع المهطر أذن المسلمین بالمرار لکان هذا العجز و فقد العون أحدق بالمرضی و الموتی منهم الأمر الذی حرمه الشرع قطعاً۔ (۱۳)

मराजेअ

1.अलमोअ़तकुदुलमुन्तकद,मअ अलमुस्तनदुल मोअ़तमद अरबी स.223,224 नाशिर.रज़ा एकेडनी,मुम्बई 1422 हिजरी2001ई.

2.मुनीरुलऐन,मशमूला फतावा रज़विया,जि2स425,रज़ा एकेडमी मुम्बई 1415 हिजरी 1994 ई.

3.इलहादुलकाफ फी अहकामिज्जुआफ,स18,19

4.अलायलकदीर फी हुक्मे अहकामिल्तस्वीर,मशमूला फतावा रज़विया,जिल्द सहुम निस्फ आखिर,स47,48 नाशिर रज़ा एकेडमी मुम्बई,1415हिजरी 1994ई

5.अलायलकदीर फी हुक्मिल तस्वीर,मुतर्जिम [illegible]

अलमाजर्रजी [illegible]

6.शमूलिलइस्लाम अलउसूलुरसूलिलकिराम,मशमूला फतावा रज़विया,जि11 / स.155मतबूआ रज़ा एकेडमी मुम्बई।

7.शमूलुलइस्लाम अलउसूलुर्रसूलिलकरीम,(मुतर्जिम अरबी)स.13,मशमूला तअलीकात जाहरा लिलरीख ला अज़हरी आला सहीहुलबुखारी,मतबूआ,मज्लिसु लबरकात, अलजामिआ अशरफिया,मुबारकपुर,1428 हिजरी 2007 ई.

8.शाहिन्शाहेकौन?स.17,नाशिरःइदारा अफकार हक,बाइसी बाजार,पुरनिया,बिहार,1411हिजरी / 1990ई.

9.फिक्ह शहिन्शाह व अन्नलकुलूब वेदलमहबूबविअताअल्लाह स.10,11 नाशिर अलमजउर्रजवी मरकजे अहले सुन्नतबरेली।
10.इहलाकुलवहाबीईन स,36,37 नाशिरःरज़वी कुतुब ख़ाना, महल्ला बिहारीपुर,बरेली शरीफ,बारपंजुन
11.बहजत्ल्लनाबीईन,मुतर्जिम अरबी,मशमूला तअलीकात जाहिरा आला सहीहिल बुखारी जि.1स.[illegible] मरकजुल्लकरकात अलहामिद तुल अशरफिया,मुबारकपुर
12.तयरिसरुलमाऊन,मशमूला फतावा रजविया,जि,9स.262, निस्फे अव्वल किताबुलखत्र वालइबाह,नाशिर.रजाएकेडमी मुम्बई
13.तयरिसरुलमाऊन(मुतर्जिम अरबी)मशमूला तअलीकात जाहिरा आला सहीहिलबुखारी,जि1स.148

मिरातुन्नजदिया के आईने में

प्रोफ़ेसर डाक्टर गुलाम यहया अन्जुम,सद्रे शोअ़बा उलूमे इस्लामिया,हमदर्द यूनीवरसीटी,नई देहली

इब्तिदा–ए–आफ़रीनश ही से हक व बातिल बा हम दस्त व गरेबाँ हैं। यह दो ऐसी मुतज़ाद हक़ीक़तैन हैं जिन का इत्तिहाद रोजे अजल से आज तक न कभी हुआ है और न ही मुस्तकबिल में हो सकता है। ठीक इसी तरह जिस तरह रौशनी और ज़ुलमत,नशीब व फराज़ धूप और छाओं,सियाही व सफेदी और झूट और सच कभी बा हम मुत्तहिद नहीं हो सकते। लेकिन इस वाज़ेह और रौशन हक़ीकत के बा वजूद कुछ सुलह पसन्द और मौक़ा परस्त हजरात इस हक़ीकत पर पर्दा डालने की कोशिश में सर गर्म अमल में और रौशनी को ज़ुल्मत, धूप को छाओं,नशीब को फराज,सियासी को सफेदी और झूट को सच में जम करने की नापाक कोशिशें कर रहे हैं उनकी उस कोशिश बा हम से इत्तिहाद का अमल में आना तो दर किनार अलबत्ता एक नया तबका जिसे सुलह कुल्ली कहा जाता है जरूर वजूद में आ गया है। यह सुलह कुल्लियत दर अस्ल मुनाफ़िक़त का ही दूसरा नाम है जो समाज के लिए इन्तिहाई खतरनाक है।

बरेलिवियत और नजदियत का इख़्तिलाफ़ भी उसी कबील से यह दोनों ऐसी वाज़ेह और रौशन हक़ीकतें हैं जिन में एक की बुनियाद हक और दूसरे की बुनियाद बातिल पर है। जब हक और बातिल में इत्तिहाद मुम्किन नहीं तो इन दोनों जमाअतों के नजरियात बाहम क्यों कर

मुत्तहिद हो सकते हैं।

अगर उन के दरमियान इख़्तिलाफ़ की बुनियादें हक़ व बातिल पर नहीं होते तो न जाने कब का यह मसअला हल हो गया होता क्यों कि जो लोग बाहम इत्तिहाद की कोशिशें कर रहे हैं उन में कुछ लोग मुख़ल्लिस भी थे और हैं।

बरेलियत और नजदियत के बुनियादी इख़्तिलाफ़ किया है इस सिलसिला में जानीदीन के वह उलमा जिन के अफ़कार व ख़ियालात मुनाजिराना हैं बहुत कुछ लिख चुके हैं अभी माज़ी क़रीब में लफ़्ज़ बरेलियत और मसलके आला हज़रत को ले कर बरेलवियों के दरमियान काफ़ी मुबाहसा आराइयाँ हुये,एक ओहदे नो के परवरदा ने माज़ी के उन तमाम अकाबिर उलमा के ख़ियालात को जिन्होंने मसलक आला हज़रत को अपनी जिन्दगी का ओढ़ना बिछोना बनाया उन पर तअन व तशनीअ के ख़न्जर चलाये और मौजूदा दौर में मसलक आला हज़रत के नअरा को ग़ैर ज़रूरी क़रार दे कर और इस से यह ज़हन देने की कोशिश की कि उस से यह मालूम होता है कि मसलक आला हज़रत दीन में कोई एक जुदागाना मसलक है जिस की तशहीर अहले सुन्नत व जमाअत के लिए ज़हरे हलाहल है इस पर वा ज़ाहिरा बहस व मुबाहिसे भी हो जाते इस सिलसिले में मेरी राय जानने की कोशिश की गई तो मुदीर पैग़ाम रज़ा मुम्बई की फ़रमाइश पर मसलक आला हज़रत की ताईद में राक़िमुस्सुतूर ने भी दर्ज ज़ैल सुतूर क़लम बन्द किए।

"हिन्दुस्तान में मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब के मानने वाले रहते हैं और हर मज़हब के मानने वालों को अपने मज़हब के उसूलों के मुताबिक़ जिन्दगी गुज़ारने की भरपुर आज़ादी है मज़हब इस्लाम के पैरों कार मुतअद्दिद ख़ीमों में बट हुये

हैं सुन्नी और जमाअतें तो आज़ सहाबा से ही मौजूद है
सैकड़ों कुल्लन का दर्द खत्म होता तो इस्लाम को लोगों ने
मज़ीद मुख्तलिफ खानों में बांट कर रख दिया है।
रवाफ़िज़,खवारिज,चकडालोवी,कादयानी,और ओहद हाज़िर
के वहाबी,देवबन्दी और गैर मुकल्लिदीन की तरह बे शुमार
फिरकों ने जन्म लिया हिन्दोस्तान किसी खारेजी दबाओ या
लालच की बुनियाद पर इस्लामी शरीअत को अपनी तबीअत
के मुताबिक ढालने की कोशिश की जिस के नतीजे में यह
फिर्के बरसाओकात बाहम दस्त व गिरेबां भी हुये लेकिन
असल इस्लाम किसी है उस का अमली नमूना सहाबा
किराम ने रसूले अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम
से वालिहाना मोहब्बत कर के पेश किया जिस के बाइस
اصحابی کالنجوم بایهم اقتدیتم
के मुताबिक दुनिया के मुसलमानों के लिए मीनारा-ए-राह
हिदायत नबी ताबईन व तबअ ताबेईन ने जिस पर सख्ती से
अमल किया उसी अकीदा व अमल और फिक्र व नज़रिया
की नुमाइन्दगी इस दौर में उलमा-ए-अहले सुन्नत व
जमाअत कर रहे हैं। यह इस्लाम मुख्तलिफ नशीब व फराज
से गुज़रता हुआ हम तक पहुंचा कभी बेदीन फितना ने
उसकी शक्ल को मस्ख किया तो कभी सलाइयों ने उस का
रंग ढंगला किया,कभी कादियानियत ने उसके नाशा व
निगार को फीका किया तो कभी वहाबियत और गैर
मुकल्लिदियत ने उसको मुस्लिम उसूलों के साथ खिलवाड़
किया एक जमाना तो वह आ गया कि नबी का मुर्दा मानना
नहीं बल्कि मिट्टी में मिल जाना,नबी को मजबूर महज़
मानना नबी के इल्म को शैतान के इल्म से कमतर जानना
जरूरतियात दीन से समझा गया और इस्लाम के पैरोकारों
को यह बताया गया कि अगर बिलफर्ज बाद ज़माना नबवी

सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम भी कोई नबी पैदा हो तो फिर भी खातमियत मुहम्मदी में कोई फ़र्क़ न आयेगा और यह भी इस्लामी अक़ीदा बताया गया है कि हुज़ूर अलैहिस्सलात वस्सलाम के लिए इल्म गैब बिलवासिता कुल होगा या बाज़ कुल तो अकलन मुहाल है और अगर बाज है ऐसा इल्म हर सबी(बच्चे)मजनून(पागल)हैवानात बहाइम (चोपायू) को भी हासिल है उसमें हुज़ूर अलैहिस्सलात वस्सलाम की किया तख़्सीस है। नबी रहमत की लिलआलमीन पर भी कैंची चलाई गई और यह कहा गया कि वह आलमीन के लिए नहीं बल्कि मुसलमानो और मुसलमानों में वह लोग जो मुकल्लफ व इस्लाम हैं सिर्फ़ उन के लिए रहमत हैं अलगर्ज़ उन बातिल नज़रियात ने उन्नीसवीं सदी में इस्लाम का चेहरा बुरी तरह मसख कर के रख दिया उस सिरात मुस्तकीम पर बद अक़ीदगी की ऐसी दबीज चादर डाल दी गई कि इस्लाम का सही रास्ता किया है लोग तकरीबन भूल गये थे खुदा भला करे इमाम अहले सुन्नत आला हजरत मौलाना अहमद रज़ा खाँ कादरी का जिन्होंने जहद मुसलसल से इस राहे हक से बदअक़ीदगी की दबीज़ चादर को न सिर्फ़ हटाया बल्कि अकाइद व नजरियात की तरदीद और बीख कुनी कर के इस सिरात मुस्तकीम को उम्म मुस्लिमा के इस्तेमाल के क़ाबिल बनाया उनकी उसी मुजाहिदाना कारकुर्दगी की बुनियाद पर उन्हे इमाम अहले सुन्नत और उन के उस कारनामे को उन के लक़ब की मुनासिबत से "मजद्दिदे आला हजरत" से तावीर किया गया ठीक उसी तरह जिस तरह मौजूदा जमाने में अगर किसी पुरानी ग़ैर इस्तेमाल सड़क को कई कौमी लीडर अपने सरकारी फन्ड से साफ सुथरा करा के इस्तेमाल के काबिल बना दे और फिर इस पर

अपने नाम का बोर्ड लगा दे ठीक यही हाल मसलके आला हजरत का है जो दर असल सहाबा किराम,औलिया ऐज़ाम और उलमा–ए–जविलएहतिराम का मसलक है जिस की तजदीद इमाम अहले सुन्नत मौलाना अहमद रज़ा कादरी ने की और बाद के लोगों ने इस पर मसलके आला हज़रत का बोर्ड लगा दिया। मौजूदा दोर में मसलके आला हज़रत ही मसलक अरबाब हक की पहचान है हमें मसलक आला हज़रत को उसी तनाजिर में देखने और समझने की ज़रूरीत है। (1)

इस तअल्लुक से मजीद तफ़सीलात का यह मकाला मुतहम्मल नही इसलिए उसी पर इक्तिफा किया जा रहा है जो लोग मसलक आला हज़रत के तअल्लुक से किसी ग़लत फ़हमी या साजिश के शिकारत हैं उन्हें ऐसी बयान बाज़ी सा ऐसी तहरीरों से एहतिराज करना चाहिए जो अरबाबे हक की दिल आजारी का बाइस बनें। बहर हाल इन तफ़सीलात से कतअे नजर यह जानना जरूरी है कि जब लफ्ज नजदियत का इस्तेमाल इस दौर में किया जाता है तो इस सिलसिले में वहाबियत गैर मुकल्लिदियत और देवबन्दियत को शामिल मानते हैं और जब लफ्जे बरेलियत का इस्तेमाल होता है तो इस से मुराद सिर्फ वही सुन्नी होते हैं जो आशिके रसूल,इमाम अहले सुन्नत हज़रत मौलाना शाह इमाम अहमद रजा खा कादरी अलैहिर्रहमा वरिज़वान के मसलक के पैर व कार हैं बाअल्फाज़ दीगर बरेलवियों को ही"अहले सुन्नत व जमाअत"कहा जाता है देबन्दी न तो अपने को सुन्नी कहलाना पसन्द करते हैं और न ही उन्हें इस लक़ब से पुकारा जाता है।

बरेलवियत और नजदियत कहिए या बरेलवियत और देवन्दियत इन दोनों जमाअतों में जो इख्तिलाफ की शिद्दत

एक सदी कब्ल थी वह अब नहीं है सब कुछ हालात व ज़माना के तकाज़ों के पेशे नज़र हुआ है निस्फ़ सदी कब्ल उलमा–ए–हक़ व बातिल आये दिन मैदान मुनाजिरा में अकठ्ठे होते हैं और दगेर किसी नतीजे पर पहुँचे अपने अपने घरों को लूट जाते और फिर फतह मुबीन का एक बद आदम पोस्टर हर एक जमाअत की तरफ से दूसरे दिन दीवारों पर आवीज़ां हो जाया करता था यह सिलसिला मालूम साल चलता रहा अब हालात काफी बदल चुके हैं ऐसा लगता है कि फ़रीक़ मुख़ालिफ़ ने थक हार के सुपुर्द डाल दिये हैं।

इब्तिदा–ए–इस्लाम के मुसलमानों और उस दौर के मुसलमानों में इत्तिहाद जमाना के बाइस किरदार व अमल में कोई फर्क आ गया है; यह दोनों जमाअतें जो अपने को सवादे आज़म कहती हैं उनके इख़्तिलाफ़ात में जो गलत फहमियों का कलादा किन्दार रहा है और ऐसा सिर्फ इस दूसरे से इज्तिनाब और दूरी इख़्तियार करने के बाइस हुआ है इस गलत फहमी के सब से ज्यादा शिकार उलमा–ए–वहाबिया और सर बुरशाख़ दियाबना और सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मसलक अहले सुन्नत के तअल्लुक से इमाम अहले सुन्नत हज़रत मौलाना शाह अहमद रज़ा खाँ क़ादरी अलैहिर्रहमा की तसानीफ़ को बुराहे रास्त मुतालअ नहीं किया या अगर किया है तो इल्मी होने के बाइस वह किताबें उन के फ़हम की समझ में नहीं आई हैं। उलमा–ए–देवन्द कहाँ कहाँ गलत फहमियों के शिकार हुये हैं ऐसी कई एक मिसालें हैं यहाँ सिर्फ दो एक मिसालों का जिक्र फाइदे से खाली न होगा।

यह बात अहले हक़ और साहिबाने फहम व फरासत पर मख़्फ़ी नहीं कि उलमा–ए–देवन्द ने उलमा–ए–अहले

सुन्नत व जमाअत को बरेलवी कह कर बदनाम करने की भर पुर कोशिश कीं और अवाम में यह तास्सुर देने की कोशिश की कि यह इस्लाम में एक ऐसी नई जमाअत है जिस का इस्लाम से(मआजल्लाह)कोई तअल्लुक़ नहीं उन्होंने अपनी इस बात को भूले भाले अवाम के जहिन व दिमाग में बठाने के लिए न जाने कैसी कैसी मज़मूम हरकतों को मगर यह हकीकत है कि आफताब हक व सदाकत पर पर्दा डाल कर उसकी किरनों को पाबन्द सलासुल नहीं किया जा सकता कुछ ऐसा ही मुआमला यहां भी पेश आया। उलमा--ए--अहले सुन्नत इस जुमले से बदनाम किया होते यह जुमला उनके हक में नेक शुगून साबित हुआ और अब बहमदिही तआला यह जुमला(बरेलवी)उलमा हक यानी उलमा--ए--अहले सुन्नत के लिए अलामती निशान के तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा।

लफ्जे बरेलवियत के तअल्लुक से जब उलमा--ए--देवन्द की यह मज़मूम हरकत नाकाम हुई तो उन्होंने फिर ख्रिसयानी बिल्ली खंबा नोचे के मिस्दाक उलमा--ए--अहले सुन्नत को बिदअती और कब्र परस्त कहना शुरू किया और बाज़ अपनी निहामत की बात न ला कर जमाअत अहले सुन्नत(बरेलवियों)को कादयानियों की तरह एक गुमराह फिर्का लिख बैठे बहर हाल आज उलमा--ए--देवन्द उलमा --ए--अहले सुन्नत को बिदअती कहने में किया हिक्मत है यह बात आज तक मेरी समझ में न आ सकी और यह इस लिए कि उलमा--ए--अहले सुन्नत से कहीं ज्यादा उलमा --ए--देवन्द गिरफ्तार हैं। इस वक्त मेरा मौजू यह नहीं वरना मेरे पास इन बिदअतों की एक तवील फिहरिस्त है जिन की ईजाद का सेहरा खुद उलमा--ए--देवन्द के सर बन्धता है मौका अगर्चे इस का नहीं है लेकिन मौजू की

मुनासिबत से उलमा-ए-दैवन्द की ईजाम कर्दा कुछ बिदआत की तरफ एक हलका सा इशारा अपनी किताब तजकरा शैर बेशा-ए-अहले सुन्नत हज़रत मौलाना मुहम्मद हशमत अली अलैहिर्रहमा वारिसान के एक मुकद्दमा से-- कर के गुजर जाना चाहता हूँ जिसे अल्लामा अरशदुल कादरी ने कल्म बन्द किया है ताकि इलजाम बगैर सन्द न रहे।

1- दफअे बला और कजा-ए-हाजत के नाम पर मदरसा की माली मनफअत के लिए खत्मे बुखारी का मुजिद कोई और नहीं बल्कि खुद दैवन्द का दारुलउलूम है।

2- नमाजे जनाजा के लिए इन्तजामी मसलिहत की बुनियाद पर नहीं बल्कि गलत एअतिकाद की बुनियाद पर इहाता दारुलउलूम में एक जगह मखसूस करने की बिदअत का मोजिद कोई और नहीं बल्कि खुद दैवन्द का दारुलउलूम है।

3- मुस्लिम मैयत के कफन के लिए खुदर की शर्त लगाना और खुदर के बगैर नमाज जनाज़ा पढ़ने और पढाने से इन्कार कर देने की बिदअत का मोजिद भी कोई और नही बल्कि खुद शेख दैवन्द मौलवी हुसैन अहमद है।

4- वरासत अम्बिया की सनद तकसीम करने के लिए एहतिमाम व तदाई के साथ सद साला इजलास मुन्अकिद करने और एक ना महरम व मुश्रिक औरत को(मज़हबी)स्टैज पर बुलाकर उसे कुर्सी पर बठाने और अपने मजहबी अकाबिर को उसके कदमों मे जगह देने की बिदअत सय्इया का मुजिद भी कोई और नही बल्कि खुद दैवन्द का दारुल उलूम है।

5- दीनी दर्स गाह के इहाते में मुश्रिकाना अल्फाज पर मुश्तमिल कौमी तराने के लिए "कियाम तअजीमी" की बिदअत सय्इआ का मुजिद भी कोई और नही बल्कि खुद दैवन्द का

दारुलउ़लूम है।

6– कांग्रेसी उमीदवार का कामयाब बनाने के लिए इन्तिहाई जिद व जहद को मजहबी फ़रीजा समझने की बिदअत का मुजिद भी कोई और नही बल्कि खुद शैख़ दारुलउ़लूम दैवन्द हैं।

7– अपने अकाबिर की मौत पर एहतिमाम व तदाई के साथ जलसा तअजियत मुन्अकिद करने और जलालत व अवातील पर मुश्तमिल मन्ज़ूम मरसिया पढ़ने और पढाने की बिदअत का मुजिद भी कोई और नहीं बल्कि ख़ुद दारुलउ़लूम दैवन्द है।

8– बिलइल्तिजाम किसी मुतअय्यन नमाज के बाद नमाज़ियों को रोक कर उनके सामने तब्लीग़ी निसाब की तिलावत करने की बिदअत का मुजिद भी कोई और नही बल्कि खुद उलमा–ए–दैवन्द हैं।

9– कलिमा व तब्लीग के नाम पर चिल्ला और गश्त करने और कराने की बिदअत का मुजिद भी कोई और नहीं बल्कि खुद उलमा–ए–दैवन्द हैं।

10– दारुलउलूम दैवन्द में सद्र जम्हुरिया की आमद के मौके पर कौमी तराने के एहतिराम में खडे होने का हुक्म सादिर करने वाले भी अकाबिरे दैवन्द हैं जो इस वक्त स्टैज पर मौजूद थे।

यह और उसी तरह के बे शुमार बिदआत व मुन्किरात हैं जिन की ईजाद का सेहरा उलमा–ए–दैवन्द के सर है लेकिन उसके बाजूद लोग इमाम अहले सुन्नत मौलाना शाह अहमद रजा और उन के मुतबईन को बिदअती कहते हुये नहीं थकते.उन्हे चाहिए कि वह अपने गिरेबान में मुंह डाल कर सोचे फिर अपने बारे में फैसला करें कि उन पर किया शरई हुक्म लगना चाहिए।

उलमा–ए–देवन्द और वहाबी उलमा दोनों बडे शुद व मद के साथ एक दूसरा अलफाज जो सुन्नी उलमा व अवाम दोनों के लिए इस्तेमाल करते हैं वह कब्र परस्त है खलदे और कोतवाल को डांटने का मुहाविरा पूरी तरह उलमा–ए–देवन्द पर सादिक आता है और इसलिए कि कब्र परस्ती के मुजिद और मुरक्कब दोनों ही उलमा–ए–देवन्द हैं। ख्वाजा हसन निजामी की सरिश्तगत से कलमबन्द हर वह शख्स वाकिफ है जिसे उर्दू अदब से अदना भी तअल्लुक दुनिया–ए–अदब में मनजूर फितरत से शोहरत हासिल हुई बड़ी खुबियों के मालिक थे अगर्चे उनकी विलादत देहली में हुई लेकिन मजहबी तालीम के हुसूल के लिए उलमा–ए–देवन्द की सर परस्ती हासिल की और कांधला जा कर मौलवी मुहम्मद इस्माईल कांधलवी, मौलवी मियाँ महबूब कांधलवी के सामने जानूये तिलमिज तह किया मगोह को भी आप ने तालीमी सफर किया और वहां दस साल मसरूफियत तालीम रहे।

जाहिर है कि जिस की तालीम व तरबियत उलमा–ए–देवन्द के जेरे साया हुई हो जब वहां से फारिग व तहसील हो कर मैदान अमल में आयेगा तो दिला शुबह नही खतूत पर वह काम करेगा जिन खुतूत पर उन की तरबियत हुई होगी। यही सब कुछ ख्वाजा हसन निजामी के साथ हुआ लेकिन चुंकि वह एक मुअज्जज खानकाह जहां हिन्दु व मुस्लिम सब जबीन अकीदत खम करते हैं सज्जादा नशीं थे और खानकाहे आम तौर पर उलमा–ए–अहले सुन्नत की मीरास समझी जाती हैं इसलिए ख्वाजा हसन निजामी को भी अहले सुन्नत का एक फर्द समझा गया और वह सिर्फ इसलिए कि उन का तअल्लुक एक ऐसी खानकाह से था जो तकरीबन ऐसे

लोगों के कब्जा में है जो किसी मसलक के पीर नही उनका अपना एक जुदागाना मसलकी नुक़ता--ए--नज़र है लेकिन ख्वाजा हसन निजामी की तालीम व तरबियत जुंकि उलमा--ए--देबन्द में हुई इसलिए अफ़कार व नज़रियात की गहरी छाप लाज़मी थी। मसन्द सज्जागी को रौनक बख्शने ही उन्होंने मुख्तलिफ़ मैदानों में जिस तरह अपनी सलाहियतों और अफ़कार व नजरियात का मुजाहिरा किया उसे बयान करते हुये बदन के रुंगुटे कांप उठते हैं उसकी तफ़सील किसी और मौका के लिए उठाकर रखता हूँ उनकी उसी फिक्री जोलीदगी का एक शाहकार कब्र परस्ती के तअल्लुक से मुरशिद को सज्जादा तअज़ीमी के जवाज और उसके लिए ठोस दलाइल की फराहमी भी है जब उन्होंने मुरशिद को सजदा-ए-ताजीम के नाम से किताब लिख कर हिन्दुस्तान को जाइज करार दे दिया उलमा--ए--हक के दरमियान इन्तिशार हुआ किसी तरह ख्वाजा हसन निज़ामी की वह तस्नीफ "मुरशिद को सजदा--ए--ताज़ीमी" इमाम अहले सुन्नत हज़रत मौलाना अहमद रज़ा खाँ कादरी अलैहिर्रहमा बरेलवान तक पहुंची तो इस किताब के मुतालअ के बाद आप ने सिर्फ इज़हार नाराज़गी ही नहीं फरमाया बलिक सजदा--ए--ताज़ीमी की हुरमत "الزبدة الزكية لتحريم سجود التحية" के नाम से ढाई सौ सफहात पर मुश्तमिल एक मबसूत किताब लिख डाली और उसकी तरदीद मे कुरआन व अहादीस और अकवाल--ए--आइम्मा की रौशनी में कब्र परस्ती की हुरमत पर सैकड़ों दलाइल व बराहीन के अंबार लगा दिए।

यह इन्तिहाई तअज्जुब और हैरत का मकाम है कि जिस मसलक के पेशवा ने कब्र परस्ती की हुरमत में सैकड़ों सफहात तहरीर कर डाले हों आज उसे और उस के

मुत्तबईन को उलमा–ए–दैवन्द जो खुद कब्रपरस्ती के मुजिद हैं कब्रपरस्ती कहते हुये नहीं थकते। यह बे चारे इतने ना समझ होते हैं कि जो चाहते हैं बक देते हैं हकीकत हाल का उन्हें इल्म नहीं होता और न यह वेचारे उसे जानने की कोशिश करते हैं अगर यह नाम निहाद उलमा इमाम अहले सुन्नत मौलाना शाह अहमद रजा खाँ कादरी की किताबों का मुतालअ हक्कानियत व सदाकत की ऐनक लगा कर किए होते तो शायद उन गलत फहमियों के शिकार न होते।

कब्रपरस्ती के तअल्लुक से तवील मकाला बउनवान "इमाम अहमद रज़ा और ख्वाजा हसन निजामी नजरिया सजदा ताजीमी का तकाबुली मुतालअ" माहनामा जहान रजा लाहोर जिल्द 3 शुमारा 34 माह ज़िहिज्जा1414हिजरी जून 1994ई में शाइअ हुआ तफ़सीली मालूमात के लिए इस का मुतालअ मुफीद होगा। यह मकाला और उसी तरह के दूसरे मकालात का मजमूआ इमाम अहमद रजा के अफकार व नजरियात एक तकाबुली मुतालअ के उनवान से जल्दी ही किताबी शक्ल में मन्जर आम पर आने वाला है।

उलमा–ए–दैवन्द की फिक्री जोलीदगी की एक बदतरीन मिसाल बरेलवियों को कादयानियों के मुशाबा करार देना है आज से तकरीबन 12 साल कब्ल मुजल्ला रबता आलम इस्लामी के शुमारा फरवरी मार्च 1985 ई में एक रीया नज़र से गुजरा जिस में मुदीर रबता आलम इस्लामी ने बरेलियों को कादयानियों की तरह एक फिर्का करार दिया था। राकिम ने जब उसकी इत्तिलाअ मरकज से शाय होने वाला माहनामा सुन्नी दुनिया के मुदीर को दी तो उस वक्त अब्दुन्नईम अजीजी ने दिस्मबर 1985 के शुमारा में एक जबर दस्त इदारीया उसकी तरदीद में

लिखा।

"राबता आलम इस्लामी" वहाबिया दियाबना का मुश्तरिका मज़हबी तर्जुमान है जो हर माह पा बन्दी से मक्का मुकर्रमा से शाय होता है। इस मज़हबी तर्जुमान में उस क़िस्म की ला यानी बातों के छुपने की मुहर्रिक ग़ालिबन एहसान इलाही ज़हीर की किताब "अलबरेलिया" है जो उस किस्म के हफ़वात व अबातील का पुलिन्दा है। बहर हाल इस नुमाइन्दा तर्जुमान में यह बात शाय हुई इस इशाअत के पीछे किसी हिन्दुस्तानी आलम ऐजेन्ट की साज़िश कार फ़रमा है उस से हमें सरोकार नहीं लेकिन अगर हम इस की तह में जायें और इस मसअला पर सन्जीदगी से ग़ौर करें तो आप यह बावर किए बग़ैर न रह सकेंगे कि क़ादयानियत का दरवाज़ा दर असल उलमा–ए–दैबन्द के सरखील दारुलउलूम दैबन्द के ख़ुद साख़्ता बानी मौलवी मुहम्मद कासिम नानौतवी का खुला हुआ है उन्होंने अपनी माया नाज तस्नीफ तहजिरुन्नास में खातिमुन्नबीईन की ऐसी तशरीह फरमाई जिस से क़ादयानियों को एलान नबुव्वत का मौका मिल गया और मौसूफ की जिस एबारत को उन्होंने बतौर ढाल इस्तेमाल किया वह उनकी किताब तहजीरुन्नास नाशिर कुतुब खाना इम्दादिया दैबन्द बा एहतिमाम मुहम्मद अली मालिक कुतुब मतबअ बरक़ी प्रेस दहली के स 24 पर इस तरह दर्ज है।

"अगर बिलफ़र्ज़ बाद ज़माना नववी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम भी कोई नबी पैदा हुआ तो फिर भी खातमियत मुहम्मदी में कुछ फ़र्क़ न आयेगा चे जायेकि आप के मुआसिर किसी और ज़मीन में या फ़र्ज़ किजीए उसी जमीन में कोई और नबी तजवीज किया जाये। (4)

कुरआन हकीम के किसी लफ़्ज से न इशारतन

किनायतन और न सराहतन यह मालूम होता है कि अभी और कोई नबी आने वाला है कई जगह वाजेह लफ्जों में यह बयान मिलता है कि हमारे नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम सारे आलम के लिए कियामत तक के नबी हैं अब किसी नबी की जरूरत नहीं इस वाजेह एलान में कहीं किसी किस्म की तहरीफ की गुन्जाइश के लिए कहीं ने दे कर माना खातिमुन्नबीईन बंद रहा फिर यह बात समझ में आ गई कि उस के माना की ऐसी तावील व तशरीह की जाये कि दूसरे नबी की गुन्जाइश निकल आये। चुनांचे यह कारे खैर अंगरेजों या खुदा जाने किस की साजिश की बुनियाद पर मौलवी मुहम्मद कासिम नानोतवी ने अन्जाम दिया उन की इस तशरीह से कादियानियत में मसर्रत की लहर दौड़ गई एक कादियानी मुसन्निफ मुहम्मद अली लिखता है।

[illegible] सर पर आने वाले [illegible] भी था और उसके [illegible] बिना जाने [illegible] इसलिए [illegible] ने अपनी मस्लिहत [illegible] हजरत मौलवी मुहम्मद कासिम साहेब नानोतवी को खातिमिय्यत मुहम्मदिया के असल मफहूम की वजाहत के लिए रहनुमाई फरमाई और आप ने अपनी किताबों और अपने बयानात में आं हजरत सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के खातिमुन्नबिईन होने की निहायत दिलकश तशरीह फरमाई।

बहर हाल यह तशरीह चुंकि कादयानियों की हस्बे जरूरत थी इसलिए उन्होंने इस मौके को गनीमत समझा और 1891ई में मसीह मौऊद होने का दअ्वा पेश कर दिया

मोलाना अबूलहसन अली नदवी ने सीरतुलमहदी हिस्सा दौम के हवाले से लिखा है।

"मिरज़ा गुलाम अहमद साहब ने 1891 ई में मसीह मौऊद होने का दअवा किया फिर 1901ई में नबुव्वत का दअवा किया"

आज जो हिन्दुस्तान में उलमा-ए-देवबन्द तहरीक खत्मे नबुव्वत या कादयानियत के खिलाफ जलसे कर रहे हैं यह उसी दाग को धोने और अपने उसी सगीन जुर्म को छुपाने की नाकाम कोशिश है जो उन के अजाबिरीन कर गये हैं।

तेरहवी सदी के अवाइल में जब शाह इस्माईल देहलवी(1246हिजरी)ने अंग्रेजों की साजिश से जनाब रिसालत मा अब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के तअल्लुक से इम्कान नजीर की बहस छेड कर उम्मत मुहम्मदिया सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को यह तासिर देने की कोशिश की।

"इज़ाहुल हक़ (पृष्ठ [illegible]) में यह बात है कि एक आन में एक हुक्म हुक्म से [illegible] कमीन नहीं चली और जिस किस्सा [illegible] आप सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के बराबर पैदा कर डाले"

शाह साहिब की इस फिक्र से जिस तरह इहानत मुतरशह थी उस का बन्दान शिकन जवाब वाले हरीत मुजाहिद आजादी अल्लामा फज़ले हक खैराबादी ने किताब "इम्तेनाए नजीर" लिख कर दिया और अक़ली व नक़ली दलाइल से अपने मुवक्कफ़ को मरबूत कर के फरमाया कि हुजूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का मिस्ल व नज़ीर मुम्तनअ बिज्जात हो और जो मुम्तनअ बिज्जात है वह तहत कुदरत दाखिल नहीं। इमतनाअ नजीर

के नाम से अल्लामा फज़्ले हक खैराबादी की किताब 1908 ई में खलीफा आला हजरत अहमद रजा खाँ कादरी हज़रत मौलाना सुलैमान अशरफ़ अली गढ़ के तहशिया और तस्हीह के बाद जौनपुर से शाय हुई कुछ दिनों बाद इम्कान नज़ीर और इम्तनाअ नजीर से मुतअल्लिक बहसें वहीं रुक गयें मरग बरसों बाद फिर मौलवी मुहम्मद कासिम नानोतवी को बैठे बठाये न जाने किया सोझी फिर वह इस बहस को खातिमुन्नबीईन के पस मन्जर में छेड बेठे इस बहस से मौसूफ को किया और कितना फाइदा हुआ यह तो संगा–ए– राज़ मे है अलबत्ता इतना जरूर मालूम है कि उनकी उस फिक्र से एक गुमराह जमाअत ज़रूर वजूद में आ गई जिसे हम कादयानियत कहते हैं। लिहाज़ा अगर कादयानियत के मुहर्रिक अव्वल की हैसियत से "तहजीरुन्नास" किताब के मुसन्निफ मौलवी मुहम्मद कासिम नानौनी का नाम लिया जाये तो बेजा ना होगा। कादयानियत चुंकि इस वक्त मौजूअ बहस नहीं इसलिए उस की तफसील में जाने से गुरेज कर रहा हूं।

अब आइये उन उलमा की खिदमत मे हाजरी दीजिए जिन्हे उलमा–ए–देवन्द कादयानियों की तरह एक गुमराह फिर्का करार देते हैं इस जमाअत के सरखैल इमाम अहले सुन्नत हजरत मौलाना अहमद रजा खाँ कादरी कुद्दुस सिर्रुहु हैं उन के नोके कल्म से एक मोहतात रिवायत के मुताबिक पचासों उलूम व फ़नून पर मुश्तमिल छोटी,बड़ी हज़ारों किताबें मन्सा–ए–शहूद पर आयें अगर इन्साफ और हक पसन्दी की ऐनक लगा कर उन किताबों का मुताला किया जाये तो शायद ही किसी किताब में कोई ऐसी एबारत दस्तयाब हो सकेगी जिस से कादयानियों के गुमराह अकाइद की ताईद होती हो इस गुमराह और बातिल फिर्का

की ताईद और हयायत में कोई एबारत मिलनी तो दर किनार कोई लफ़्ज़ और जुमला भी नहीं मिल सकता है हाँ अलबत्ता उन्होंने इस बातिल फिर्का की तरदीद में दर्जनों किताबें जरूर लिखी हैं जो बिहम्दिही तआला मौजूद हैं। और मुतअ़द्दिद बार छप चुकी हैं। अब अगर यह कम इल्म दैवन्दी बेचारे उन किताबों का मुताला न करें और फिर इस मजहब हक के बारे में जो चाहें बातिल ख्याल गढ़ लें तो उसका किया एलाज है? क़ादयानियत की बरबाद में उलमा-ए-अहले सुन्नत मौलाना अहमद रजा क़ादरी की तस्नीफात दर्ज जैल हैं जो किसी भी सुन्नी "मकतबा" से हासिल की जा सकती हैं।

١ـ السوء والعقاب على مسيح الكذاب

٢ـ قهر الديان على مرتد بقاديان

٣ـ الصارم الربانى على اسراف القادياني

٤ـ جزاء الله عدوه بآبايه ختم النبوة

٥ـ الجراز الديانى

इस खुली हकीकत के बावजूद अगर कोई कहे बरेलवियत कादयानियत की तरह एक फिर्का है तो इस की अक्ल पर सिवाये मातम करने के और किया कहा जा सकता है। उसी को कहा जाता है कि "उलटे चोर कोतवाल को डालने"।

नज्दियों और दैवन्दियों के अक़ाइद उसी किस्म की हफवात व अबातील पर मुश्तमिल हैं "मुश्ते नमूना अज खरवारे" के तौर पर सतूर बाला में सिर्फ तीन मिसालों का जिक्र हुआ है। उलमा-ए-दैवबन्द की इलज़ाम तराशियों और बुहतान तराज़ियों की तरदीद में उलमा-ए-अहले सुन्नत के नोक कल्म से सैंकड़ों किताबें मुतअद्दिद जबानों में

मनसा–ए–शहूद पर आयें, जेरे नजर किताब "मिरातुन्नज्दिया" उसी किस्म की एक तस्नीफ है इस किताब की अहमियत इस लिए है कि यह किताब अरबी ज़बान मे है और आज के मरजअ–ए–उलमा–ए–अहले सुन्नत,हज़रत ताजुश्शरीआ काज़ीयुलकुज्जात,फ़कीहे–ए–इस्लाम अल्लामा अख़तर रज़ा खाँ अज़हरी के सालेह अफकार,पाकीजा खियालात और मौमनाना नजरियात की रौशन शाहकार है।

इस किताब पर चुंकि मुसन्निफ का असल नाम"अल्लामा इस्माईल अलअज़हरी"शाय हुआ है इसलिए जहिन इस तरफ जल्दी मुतबादिर नहीं होता कि यह आप की तस्नीफ़ है क्योंकि आप के उर्फी नाम को इस कद्र शोहरत और मक़बूलियत हासिल हुई कि लोग आप का असल नाम भूल गये। आप के वालिद माजिद का नाम इस्मे गिरामी चुंकि"इब्राहीम"था इसलिए आप का नाम इस्माईल से ज्यादा और कोई मौजों हो हो भी नहीं सकता था।

किताब मिरातुन्नज्दिया 25/रबीउस्सानी 1410 हिजरी 25/नोम्बर 1989ई. में तबअ हुई है अरबी ज़बान मे मतबअ का ज़िक्र नही अलबत्ता इसकी पहली तबाअत दारुलइम्ता अलमरकजिया महल्ला सौदागिरां बरेली शरीफ यूपी के जेरे एहतेमाम अमल में आई है।

आगाज़े किताब मे मुसन्निफ़ ने कादयानियत व मुतअल्लिक़ अपने उपर लगाये गये इलज़ामात की तरदीद की है फिर उस तज़ल्लुक से अपने मौक़िफ का इज़हार किया है और दलाइल व बराहीन से यह साबित किया है कि बरेलवियत,कादयानियत की तरह एक गुमराह फिरक़ा नहीं बल्कि खुद देवबन्दियत कादयानियत की तरह गुमराह जमाअत है और इसलिए कि,"मौलवी मुहम्मद कासिम नानोतवी ने "तहज़ीरुन्नास"में खातिमुन्नबईन की ऐसी

तशरीह फरमाई है जिस ने कादयानियों के रसूल की खातमियत को महफूज़ रखते हुए उन के बानी मिर्ज़ा गुलाम अहमद कादयानी को एलाने नबुव्वत का मौका फराहम किया और सुबूत के तौर पर यह लिखा है कि मिर्ज़ा गुलाम कादिरबैग जो मौलाना अहमद रज़ा खाँ के उस्ताद थे वह मिर्ज़ा गुलाम अहमद कादयानी के हकीकी भाई थे" हालांकि इन दोनों के दरमियान दूर का भी तअल्लुक नहीं था मिर्ज़ा गुलाम कादिरबैग बरेली के रहने वाले थे आज भी उनका खान्दान बरेली में मौजूद है। इसी खान्दान के एक वशम व चिराग मिर्ज़ा अब्दुलवहीद बेग(एडवोकेट)थे। जिनका चन्द साल पेशतर इन्तिकाल हो गया उन से राकिमुस्सुतूर के इल्मी मरासिम थे कई बार उन के घर भी जाने का इत्तिफाक हुआ है मुसन्निफ ने इस इलज़ाम की तरदीद में लिखा है।

"قد كذب هذا الواشي فيما ادعى من ان غلام قادر بيك وبين غلام احمد قادياني قرابة فضلا ان يكون هذا شقيق ذلك"

और जहाँ तक रही बात कादयानियों को अपने अक़ाइद व अफ़कार को इजहार करने का मौका फराहम करने की तो इस सिलसिले में मुसन्निफ किताब ने दलाइल व बराहीन की एक तवील फिहरिस्त पेश की है इस के बाद लिखा है।

"ثم (الامام المحدث عبد الحي اللكنوي محمد قاسم النانوتوي) هو الذي مهد للقادياني المتنبي سبيله"

मसअला कादयानियत के अलावा नजर व निमाज़, करामात -ए-औलिया इस्तिआनत, तसव्वुर, हैयात बाद मुन्नात और तसर्रुफात औलिया से मुतअल्लिक उलमा-ए-देवबन्द के मुफ्रिद नज़रियात और बातिल अफ़कार व ख़यालात को बयान कर के कुरआन व अहादीस और

अकवाल अइम्मा की रौशनी में उनकी तरदीद की है। और फिर अपने मौकफ की ताईद मे किताब व सुन्नत से मुस्तहकम दलाइल पेश किए हैं।

चुंकि इस किस्म के मुबाहिस से मुतअल्लिक उलमा–ए–अहले सुन्नत के प्लैट फार्म से मुनाजिरा के मौजू से दिलचस्पी रखने वालों के रुशहात कल्म से कई एक किताबें मनस–ए–शुहूद पर आ चुकी हैं उन मबाहिस की तफसीली बहसों से यहा गुरेज किया जा रहा है,अलबत्ता एक मौजू पर मरातुन्नज्दिया में तफसीली बहस है और वह है सुन्नी और देवबन्दी इख्तिलाफ के अस्बाब वजूह का मुसन्नफाना जाइजा, इस मौजू पर मुसन्निफ किताब ने कई सफहात में मुदल्लिल तफसीली गुफ्तगु की है और उस की इब्तिदा–ए–तमाम इन्साफ पसन्द मुसन्निफीन की तरह शैख मुहम्मद इब्ने अब्दुलवहाब नजदी के गैर इस्लामी रविया से की है और लिखा है कि हिन्दुस्तान में यह मजहबी इख्तिलाफ अंग्रेजों की मुनज्जम साजिश के नतीजे मे रुनूमा हुआ है अंग्रेज चुंकि हिन्दुस्तान की सियासी, मुआशी,समाजी,और मजहबी बुनियादों को मुतजलजल करना चाहते थे इसलिए अगर एक तरफ उन्होने इस मुल्क में सियासी चालें चल कर मुल्क के अन्दरूनी निजाम को दिरहम बरहम किया तो दूसरी तरफ वह उलमा जो किसी ज़माना में उनकी हुकूमत में वजीफा खोर थे उन को एअतिमाद में ले कर मजहब के तअल्लुक से ऐसी नफरत की लहर फैलाई जिस की पैलट में हिन्दुस्तानी उलमा के एलावा अवाम भी आ गये एक दूसरे के तैस यह मजहबी मुनाफिरत रोज अफजु बढ़ती रही जिस के नतीजे में अकीदा और एलाका की बुनियाद पर कई एक मजहबी,तन्जीम और जमाअतें वजूद में आ गयें। वहाबियत

दैववन्दियत,कादयानियत, नेचरियत और सुलह कुल्यित वग़ैरा उसी दौर की पैदावार हैं।

वहाबियत की बुनियाद कि उसूलों पर रखी गई इस की वज़ाहत के लिए कई सफ़हात दरकार हैं मगर इस का एक वाजेह उसूल यह था कि मुसलमानों में से जो भी बसर व चशम उन के अक़ीदा को कबूल नही कर लेता था उनका माल व मताअ शैख़ मुहम्मद इब्ने अब्दुलवहाब के लिए हलाल होता उस्ताज जाफर सुब्हानी अपनी किताब" आईन वहाबियत" के स23 पर रकम तराज हैं।

"शैख़ मुहम्मद अपने अक़ाइद को तस्लीम न करने वाले मुसलमानों पर न सिर्फ हमला कर के उन के माल व मताअ माल को लूटना जाइज ख़्याल करता था बल्कि वह उन मुसलमानों से हासिल कदा माल व मताअ माल ग़नीमत से तावीर करता था और उस माल ग़नीमत को इस्तेमाल करने का मुकम्मल इख्तियार सिर्फ शैख़ ही को हासिल था। (10)

ज़ाहिर है कि शैख़ नज्द ने मुसलमानों के सामने तौहीद की जो तौजिह पेश की थी चूंकि वह मर गढ़त थी इस में उन के हवा व हौस का अमल दखल ज्यादा था। इस लिए आम मुसलमानों के नजदीक उसका काबिले कबूल होना मुम्किन न था इसी वजह से उन्हें जंगी काफिर करार दे कर उन को जान लेना और उन का माल लूटना हलाल व मुबाह समझा गया और शर व फसाद के नतीजे में कौम का जमाअतों में बट जाना और ढडा बन्दी इख्तियार कर लेना लाज़मी अम्र था अगर्चे इस किस्म की शुरूआत शैख़ नज्द ने कर दी थी लेकिन हिन्दुस्तान में शैख़ नज्दी की इस फिक्र को परवान चढ़ाने के लिए अंग्रेजों खान्दान वलियुल्लाह के एक चशम व चिराग़ मौलवी मुहम्मद इस्माईल दैहलवी का सहारा लिया इस फिक्र के फरोग के

सिलसिले में शाह इस्माईल के इन्तिख्वाब में हिकमत यह थी कि मोसूफ़ का तअल्लुक एक इल्मी खानवादे से था अंग्रेज यह समझते थे कि जो बात उनकी जबान से कहलवाई जायेगी कौम इस पर आमन्ना सदकना जरूर कहेगी लेकिन तारीख ही रही है कि अहले हक कभी बातिल के सामने सरनिगों नहीं हुये हैं जैसे ही उन्होंने ने रसूल अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की अजमत को कम करने के लिए इमकान नजीर का तसव्वुर पेश किया तो उनके ही हमदर्द साथी अल्लामा फजले हक खैराबादी ने "इम्तेनाअ नजीर" किताब लिख कर उनका सहारा खान्दानी इल्मी तनतना खाक में मिला दिया और बेबाग दहल इमाम अहले सुन्नत मौलाना अहमद रजा खान कादरी की जबान में यह कहला दिया।

तेरे चुल्क को फ़क ने अजीम कहा
तेरी खुल्क को हक ने जमील कहा
कोई तुझ सा हुआ है न होगा शहा तेरे
खालिके हुस्न अदा की कस्म

इस सिलसिले में थोड़ी सी गुफ्तगु सुतूर वाला में गुजर चुकी है तफसीली मालूमात के लिए राकिमुस्सुतूर का मुकाला अल्लामा फजले हक खैराबादी और शाह इस्माईल देहलवी के बा हमी इख्तिलाफात का जाइजा" का मुताला मुफीद होगा। जो माहनामा किताब जदीद देहली के शुमारा जनवरी फरवरी 1991 ई में शाए हो चुका है।

मौलवी इस्माईल देहलवी ने अंग्रेजों के तआऊन से किसी तरह गिरोह साजी का फरीजा अन्जाम दिया इस सिलसिले में मौलाना अख्तर शाहजहाँपुरी का यह ख्याल काबिले तवज्जह है फरमाते है।

"हकीकत यह है कि हिन्दुस्तान में फिर्का साजी और

गिरोह बन्दी का संग बुनियाद अंग्रेज़ों ने अपनी ज़रूरत के तिहत मौलवी मुहम्मद इस्माईल दैहलवी से रखवाया क्योंकि मुक़द्दस सर ज़मीन अरब में वहाबियत का फितना कामयाब साबित हो चुका था। मौसूफ़ शाह अब्दुलअज़ीज मुहद्दिस दैहलवी(1239 हिजरी 1824ई.) के भतीजे और शाह वलियुल्लाह मुहद्दिस देहलवी(1176हिजरी1762 ई.)के पोते थे। इस खान्दान आली शान की मुल्क के गोशे गोशे और बरूने ममालिक में भी शोहरत थी।

